वर्ष- 21 अंक - 335 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 21 मई 2026

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को रगड़ा

**संयुक्त राष्ट्र.एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने जम्मू कश्मीर का जिक्र किया तो भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को लताड़ते हुए कहा कि नरसंहार के इतिहास वाला देश पाकिस्तान हमें कश्मीर पर उपदेश न दे। पाकिस्तान अपनी सीमाओं के अंदर और बाहर हिंसा के जरिए अपनी अंदरुनी नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ता है।



## पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को किया याद

**नई दिल्ली.एजेंसी। आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर सोनिया, राहुल, प्रियंका के अलावा कांग्रेस के कई नेताओं ने राजीव गांधी के समाधिस्थल वीरभूमि पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानमंत्री मोदी सहित कई नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।**

## ममता की पार्टी में होगी दो फाड़

# तृणमूल सांसद काकोली भाजपा में शामिल होंगी

## धरने में ममता की पार्टी के 45 विधायक नहीं पहुंचे

**कोलकाता ● एजेंसी**

बंगाल की सत्ता से बेदखल हुई ममता की पार्टी में अब दो फाड़ हो सकती है। ममता की पार्टी तृणमूल की सांसद काकोली घोष को केंद्र सरकार ने वाई कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है जिससे यह अटकलें लग रही हैं कि काकोली घोष ममता का साथ छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकती हैं। ममता ने हाल ही में काकोली घोष को लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से हटा दिया था। पिछले कुछ दिनों में यह पैटर्न देखने को मिला है कि राघव चड्ढा, चंपई सोरेन, मनोज पांडेय, शुभेंदु अधिकारी जैसे जिन नेताओं को भाजपा ने सुरक्षा प्रदान की वे नेता भाजपा में शामिल हो गए। ममता की पार्टी में टूट का एक और नजारा तब देखने को मिला जब विधानसभा परिसर में आयोजित धरने में ममता की पार्टी के 80 विधायकों में से सिर्फ 35 विधायक पहुंचे और 45 गायब हो गए।



# अब मोदी करेंगे बड़ा फैसला
## मंत्रिमंडल में होगा फेरबदल, आज बड़ी बैठक

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

पांच देशों के दौरे से लौटते ही प्रधानमंत्री मोदी ने आज अपने मंत्रि परिषद् की बैठक बुलाई है, जिसमें मंत्रियों के दो साल के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी एशिया में संकट गहराया हुआ है और केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज हैं। ऐसे में सभी की निगाहें लगी हुई हैं कि मंत्रिपरिषद की बैठक में क्या निर्णय लिए जाएंगे? जून में मोदी कैबिनेट में फेरबदल की अटकलें लगाई जा रही हैं। धर्मेंद्र प्रधान, हरदीप सिंह पुरी जैसे कुछ मंत्रियों की छुट्टी कर नीतीश कुमार, राघव चड्ढा, मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज जैसे नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। इसी तरह पेट्रोल, डीजल और गैस को लेकर भी मोदी बड़ा फैसला कर सकते हैं।

## फलता में पुनर्मतदान जहांगीर खान ने छोड़ा मैदान

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर आज फिर से मतदान हो रहा है। पिछले महीने ईवीएम में छेड़छाड़ के कारण यहां मतदान रद्द कर दिया गया था। तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी जहांगीर खान यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन आज हो रहे पुनर्मतदान से पहले उन्होंने अपने आप को चुनाव से अलग करने का ऐलान कर दिया।

# शुभेंदु के पीए हत्याकांड में निर्दोष को कर लिया गिरफ्तार

**कोलकाता.एजेंसी। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या के मामले में पुलिस ने राजसिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, लेकिन इसके बाद जब राजकुमारसिंह की भी गिरफ्तारी हुई तब यह पता चला कि असली शूटर राजकुमार सिंह है। इसके बाद राजसिंह को रिहा कर दिया गया।**

## बंगाल में अब मदरसों में भी वंदे मातरम् अनिवार्य

**कोलकाता.एजेंसी। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मदरसों में 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य कर दिया है। अब कक्षाएं शुरू होने से पहले होने वाली प्रार्थना में 'वंदे मातरम्' गाना जरूरी होगा।**

## कार में लॉक हुई दो बहनें, तड़प-तड़पकर मौत

**अलवर.एजेंसी।** राजस्थान में अलवर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र के खुदनपूरी इलाके में दो मासूम बहनें खेलते-खेलते एक खड़ी कार में घुस गईं। दोनों जैसे ही कार के अंदर बैठी कार का दरवाजा अचानक बंद हो गया और बच्चियां उसे दोबारा खोल नहीं पाईं। दोनों गाड़ी के अंदर ही फंसी रह गईं। इतनी गर्मी और तपिश में कार के अंदर ही उनका दम घुट गया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# दिल्ली में थम गईं लाखों गाड़ियां...



**नई दिल्ली ● एजेंसी**

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के नेतृत्व में दिल्ली-एनसीआर की 68 से ज्यादा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनों ने आज से अपनी तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी है। इस चक्का जाम में हल्के कमर्शियल वाहनों, ट्रकों और टैक्सियों के ऑपरेटर दिल्ली सरकार द्वारा ग्रीन टैक्स में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में शामिल हुए हैं। हड़ताल के कारण दिल्ली-एनसीआर में दूध, फल और सब्जी जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है, क्योंकि आवश्यक सेवाओं से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने भी इस बंद को अपना पूरा समर्थन दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं होता, तब तक 16 लाख ट्रक सड़कों पर नहीं उतरेंगे।

# अब आपस में भिड़े ट्रंप-नेतन्याहू!

**गुरुवार.एजेंसी।** ईरान पर दोबारा सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका और इजरायल के बीच मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां समझौते और बातचीत के जरिए रास्ता निकालना चाहते हैं, वहीं इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान से फिर जंग करना चाहते हैं।

## अमेरिकी हेलीकॉप्टरों ने ईरान के तेल टैंकर को घेरा

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक ईरानी झंडे वाले तेल टैंकर को पहले हेलिकॉप्टर से घेरा फिर टैंकर पर चढ़ाई कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के बाद उस टैंकर को आगे जाने दिया।



## नौतपा से पहले 48 तक पहुंचा पारा

# उप्र का बांदा दुनिया में तीसरा सबसे गर्म शहर

**गुरुवार.एजेंसी।** 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री सेल्सियस और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान की लिस्ट में खजुराहो 47.4डिग्री सेल्सियस के साथ चौथे नंबर पर रहा।

## पहलगाम हमले की चार्जशीट में खुलासा

# लोकल गाइड चाहते तो बच सकती थी 26 बेगुनाहों की जान

**गुरुवार.एजेंसी।** पहलगाम में हुए दिल दहला देने वाले आतंकी हमले को लेकर मीडिया के हाथ राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट लगी है। इस एक्सक्लूसिव चार्जशीट से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि घाटी में पर्यटकों के पैसों पर अपना पेट पालने वाले दो स्थानीय गाइड परवेज और बशीर अहमद चाहते तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी, लेकिन उनकी खामोशी और आतंकियों को दी गई मदद ने कश्मीर के इतिहास के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक की स्क्रिप्ट लिख दी। ज्ञात रहे कि आतंकियों ने यहां धर्म पूछकर 26 हिन्दुओं को मौत के घाट उतारा था। इसके पहले गाइड परवेज और बशीर अहमद ने इन आतंकियों की मदद की थी।

# अजयसिंह के दौरे को लेकर अचंभित कांग्रेसी चाहते हैं कारण जानना

## शहर-जिले से लेकर कई घर तक पहुंचे, कहीं नाश्ता, तो कहीं भोजन हुआ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल का तीन दिवसीय इंदौर शहर-जिला दौरा चल रहा है। वे दो दिनों तक इंदौर में दौरा कर चुके हैं और आज तीसरा दिन का दौरा जिला कांग्रेस के नाम है। वे इन दो दिनों में कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता के यहां पहुंचे। पहले दौरा दो दिन का था और अंतिम दिन दौरे को तीन दिन किया गया और एक दिन पहले ही राहुल सिंह इंदौर आ गए थे। राहुल के दौरे से कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता अचंभित है कि आखिर प्रदेश कांग्रेस में क्या होने वाला है या संगठन में क्या किया जाने वाला है। कांग्रेसी जानना चाह रहे हैं कि आखिर कांग्रेस में ऐसा क्या हो गया कि राहुलसिंह तीन दिनों तक इन्दौर में रुक कर गली-गली में कांग्रेसियों के यहां जा रहे है। दो दिनों तक शहर के कई इलाकों में वे पहुंचे और जिला कांग्रेस के अलग-अलग विधानसभा और तहसील में वे दिन भर भटक रहे हैं। कहीं खाना हो रहा है, तो कहीं नाश्ता हो रहा है, किसी का स्वास्थ्य जानने तो किसी के यहां गमी के यहां बैठने पर तो किसी कांग्रेसी के यहां मिलने के लिए भी पहुंचे।



कांग्रेसी आश्चर्यचकित है कि आखिर ऐसी कौनसी बात हो गई है कि राहुलसिंह का तीन दिनों तक इन्दौर में दौरा किया जा रहा है। एक नहीं कई जगह पहुंचना पड़ रहा है और कई कांग्रेसियों ने उनके लिए पलक पावडे भी बिछाए। यहां तक कि राधेश्याम पटेल ने हैलीकाप्टर से दौरा करने की पहल भी कर डाली थी। कुल मिलाकर अजय सिंह राहुल हर शहरी विधानसभा में पहुंचे। कहीं नाश्ता, तो कहीं भोजन, तो कहीं चाय का आयोजन हुआ। गोलू अग्निहोत्री के यहां उन्होंने भोजन भी किया, सोनिया शुक्ला के यहां चाय-नाश्ता भी हुआ और कल दोपहर 3 बजे शहर-जिला कांग्रेस ने संयुक्त रूप से कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के लिए आयोजन रखा, तो राहुल सिंह करीब डेढ़ घंटा देरी से गांधी भवन पहुंचे तब भी कांग्रेसियों ने उनका इंतजार किया। क्योंकि राहुल सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के अलावा भी कई जगह और पहुंच गए थे, गली-गली घर-घर जाने से गांधी भवन डेढ़ घंटा देरी से पहुंचे। मौजूद कांग्रेसियों से सीधा राहुल ने संवाद भी किया। अजय सिंह ने वहां उद्बोधन भी दिया।

एक कार्यकर्ता ने पूछा कि जो पार्टी छोडकर चले गए है सरकार आने पर क्या उनका वापसी होगी। अजयसिंह ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं होगा, जरूरत पड़ी तो दो-चार लोग जो संगठन के मामले में उपयोगी होगे उनके बारे में विचार किया जा सकता है इस पर कार्यकर्ता अड गया कि हम लोगों का शोषण होता है और पार्टी के गद्दार वापस आकर हम पर हुक्म चलाते है। इस पर अजयसिंह ने कहा कि आप बैठ जाइए. अब सिंधिया भी कांग्रेस में आएंगे तो उनकी भी वापसी नहीं होगी। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, राजेश चौकसे, डॉ. दौलत पटेल, अमन बजाज, शैलेष गर्ग, राधेश्याम पटेल, रफीक खान, दिनेश मल्हार, केके मिश्रा, ठाकुर जितेन्द्र सिंह, इम्तियाज बेलिम, अनवर दस्तक, आनन्द कासलीवाल, मुकेश पुरी, दीपक मलोरिया रानू, योगेन्द्र मौर्य, नरसिंह कुंडलवाल, सुनील पाल, अक्षय पंवार, आशु पाण्डे, शुभम यादव, संतोष यादव, रोहित जोशी, गंगेश हटकर, अरुणसिंह रघुवंशी, जीतू घोड़गांवकर, मुकेश बड़के, विजय थलोरे, सुधा भंडारी, शमा खान, ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह, प्रहलाद महावर, नेहा लिम्बोदिया, शुभम यादव, आशीष यादव, ईश्वर जोशी, गुलाब सोनकर, कपिल यादव, शशि हाड़ा, नागेश जाधव, हितेश वर्मा, बिट्टू शर्मा, प्रवेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

**कल गांधी भवन में भी डेढ़ घंटा देरी से पहुंचे तो कांग्रेसी करते रहे इंतजार**

आज राहुल सिंह का तीसरा और अंतिम दिन का दौरा जिले की विधानसभाओं में हैं और वे आखिरी में सांवेर विधानसभा क्षेत्र में होते हुए भोपाल के लिए निकल जाएंगे, लेकिन कांग्रेसियों की निगाह यही ढूंढ रही है कि आखिर क्या कारण है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के क्षेत्र में राहुल सिंह को 9 ही विधानसभा में पगफेरे करने पड़ रहे हैं और गली-गली घर-घर पहुंचकर कांग्रेसियों के यहां चाय-नाश्ता करना पड़ रहा है। कल भी इस मामले में सोशल मीडिया कांग्रेस का रंगा पड़ा रहा और कई बातें कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर हवा में चला दी, जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया से संबंधित भी मामला रहा।

## विधायक मेंदोला ने राहुल गांधी के लिए भेजा हाजमोला का डब्बा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इटली की प्रधानमंत्री को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चॉकलेट मेड इन इंडिया गिफ्ट की तो कल यह मुद्दा चर्चा में बना रहा और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को उठाया। इस पर पूरी भाजपा जहां राहुल गांधी पर पिल पड़ी वहीं इंदौरी विधायक रमेश मेंदोला ने भी एक्स पर राहुल गांधी को जानकारी भेजी और कहा कि आपके लिए एक डब्बा डाबर हाजमोला का आर्डर किया है। इससे आपकी बीमारी भी दूर हो जाएगी। यह आर्डर मेंदोला ने टाटा की आईएमजी.कॉम पर भेजा है। मेंदोला ने यह भी लिखा कि यह हाजमोला जल्द ही कांग्रेस मुख्यालय पहुंच जाएगा और इससे आपकी बीमारी दूर हो जाएगी। यह हाजमोला कांग्रेसियों को भी खिलाना चाहिए।

# महापौर से मांगा जाएगा धरना-प्रदर्शन में इस्तीफा

### राजवाड़ा से पहुंचेंगे निगम वहां फोड़ेंगे मटके, बोलेंगे पानी दो... पानी दो..

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि पूरे शहर में पानी को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है और इसके लिए निगम की 26 साल पुरानी परिषद की अदूरदर्शिता भी है। चौकसे ने कहा कि वर्तमान महापौर पुष्यमित्र भार्गव कह चुके हैं कि पूर्व के महापौर ने आगे के लिए संज्ञान नहीं लिया इसलिए यह परेशानी आई है। चिंटू चौकसे ने कहा कि महापौर ने भी चुनाव लड़ते समय कई घोषणाएं की थी और महापौर बनते ही कई बात सामने रखी थी। अगर महापौर चाहते तो वे भी नर्मदा के चौथे चरण को लेकर कार्य शुरू करा सकते थे और एक साल बाद नर्मदा का चौथा चरण शुरू हो जाता तो आज यह चरण इंदौर में आता दिखता और पानी की समस्या इतनी बड़ी नहीं दिखती जितनी आज दिख रही है। चौकसे ने कहा कि महापौर ने पूर्व महापौर को तो कोसा ही, लेकिन स्वयं की कार्यशैली और उनकी अदूरदर्शिता पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। चौकसे ने कहा कि कांग्रेस पानी की समस्या और महापौर से इस्तीफे की मांग को लेकर 26 मई मंगलवार की शाम 5 बजे राजवाड़ा पर धरना देगी और वहां नारेबाजी कर प्रदर्शन भी करेगी, महापौर से इस्तीफा और निगम से पानी मांगा जाएगा। चौकसे ने कहा कि एक तरफ महापौर कह चुके हैं कि उनके पूर्व महापौरों ने आगे की योजना नहीं बनाई परेशानी उसी कारण है, तो कांग्रेस का यही कहना है कि पूर्व महापौर की तर्ज पर वर्तमान महापौर अदूरदर्शिता पर कार्य कर रहे हैं उन्हें भी इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उन्होंने भी आगे के लिए कोई योजना नहीं बनाई है। महापौर बनते ही अगर भार्गव एक्शन ले लेते तो आज पानी की कमी शहर में नहीं होती। इसलिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव दोषी है और निगम के गलत काम में वे भी भागीदार है। भागीरथपुरा में गंदे पानी से 36 मौत हो चुकी है, फिर भी महापौर निगम को नहीं जगा पाए, आज तक वॉटर ऑडिट भी नहीं हुआ है, आधे शहर में नलों से गंदा पानी पहुंच रहा है। चौकसे ने यहां तक कहा कि क्या महापौर लोगों के मरने का इंतजार कर रहे हैं। बेलेश्वर मंदिर में बावड़ी धंसी उस समय बावड़ी-कुएं मुक्त कराने की बात कही गई थी, कुछ ही जगह मुक्ति मिली, बाकी निगम का अभियान फुस्सी बम साबित हुआ। चौकसे ने कहा कि वर्तमान महापौर के पास कोई विजन कार्य योजना सम्पूर्ण विकास को लेकर नहीं है। नेतृत्व की कमी, अनुभवहीनता की कमी के कारण इंदौर शहर हर तरह की दुर्दशा से गुजर रहा है, जिसमें लेफ्ट टर्न, अधूरे काम, गड्ढे, धूल, चारों तरफ यातायात त्राहिमाम है। पुराने महापौर की तरह पुष्यमित्र भार्गव भी दूरदर्शी सोच के साथ काम नहीं कर रहे हैं वे भी दोषी है। इतना बड़ा जल संकट आया है उसके लिए महापौर जिम्मेदारी है क्योंकि जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है। पानी के लिए झगड़े, चक्काजाम और मांग उठ रही है। ऐसे में महापौर इस्तीफा दे दो और इसी मांग को लेकर धरना है। चौकसे ने यहां तक कहा कि शहर में होर्डिंग घोटाला भी हो रहा है, जिसकी पुष्टि भाजपाई पार्षद कर रहे हैं, सड़के अधूरी पड़ी है, निगम को कंगाल कर दिया गया है, निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, 2 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला हो चुका है, जनता पर जमकर टैक्स लादे जा रहे हैं, टैक्स नहीं देने पर लोगों के घर, दुकान, उद्योग, सील किए जा रहे हैं।

## विधानसभा पर निगाह और व्यासपीठ का पूजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर विधानसभा में कांग्रेस की ओर से दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल की भी निगाह है और वे देपालपुर के अलावा विधानसभा के गौतमपुरा, हातोद, बेटमा और इंदौर के शहरी विधानसभा क्षेत्र में भी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। चौबीस अवतार मंदिर में चल रही करण महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा में पहुंचे और उन्होंने व्यासपीठ का पूजन किया और कथा का श्रवण भी किया।

# बजरंग सेना का हनुमान चालीसा पाठ

### भाजपा नेता का सम्मान आरती और प्रसादी वितरण भी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्वेश्वर महादेव मंदिर, डॉलर मार्केट के सामने बजरंग सेना जेलरोड द्वारा हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन बजरंग सेना द्वारा 192 सप्ताह से लगातार किया जा रहा है। व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अतिथि के रूप में आयोजन में पहुंचे तो उनका सम्मान



किया गया। दिलीप माटा, चंद्रभान सिंह सोलंकी, महेश पंजवानी, अशोक ठाकुर, दीपक कटारिया, रामचंद्र भाऊ साहब, कन्हैया भैया, मनीष भाटिया, कमल वाधवानी, संजय गुरेजा, रवि पंजाबी, नरेश सत्यम, शंकर मलकानी, अमित रोहिडा, परमानंद रोहिडा, पंकज झमटानी, दिलीप भावनानी, अशोक ठाकुर, हिमांशु ठाकुर, मनीष बाषाणी, नरेश चेलानी, राजू छाबड़ा, सुमित माखीजा सहित अन्य मौजूद थे।

# कम्प्यूटर क्रांति के जनक राजीव गांधी को याद किया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



पूर्व प्रधानमंत्री और कम्प्यूटर क्रांति के जनक कहे जाने वाले राजीव गांधी को आज उनकी पुण्यतिथि पर राजीव गांधी चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने पहुंचकर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई। शहर के साथ जिले के कांग्रेसी भी मौजूद रहे। सभी ने कहा कि दूरसंचार और सूचना क्रांति की नींव रखने वाले और इस मामले को आगे बढ़ाने वाले राजीव गांधी ही थे। कांग्रेस के सद्भावना मंच ने देश की एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई। चिंटू चौकसे, शैलेष गर्ग, सदाशिव यादव, डॉ. दौलत पटेल, सत्यनारायण सलवाड़िया, इम्तियाज बेलिम, मुकेश ठाकुर, दीपक मलोरिया रानू, मनीष मिंडा, सुदामा चौधरी, अजय सीतलानी, प्रकाश महावर, सहित अन्य मौजूद थे। कई प्रदेश, शहर, मोर्चा प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मंडलम पदाधिकारी के अलावा वार्डों के प्रभारी, महिला प्रभारी नदारद थे। गिनती की महिलाएं पहुंची थी।

# आज शाम उठेगी नाम जोड़ने के लिए समय बढ़ाने की मांग

## कलेक्टर कार्यालय से निगम आयुक्त से मिलने पहुंचेंगे कांग्रेसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे आज शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के निर्वाचन में पहुंचेंगे और वहां अपर कलेक्टर और निर्वाचन प्रभारी नवजीवन पंवार से मुलाकात करेंगे। अमन बजाज, शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम, दीपू यादव सहित अन्य विधानसभा प्रभारी और निर्वाचन के जिम्मेदार भी साथ में रहेंगे। अधिकारी से चर्चा की जाएगी कि जो नाम एसआईआर के दौरान कटे हैं वे नाम नगर निगम चुनाव में भी कटेंगे या रहेंगे और जो नए लोगों को नाम जुड़वाने का मौका मिल रहा है उसके लिए जो एक सप्ताह का समय दिया गया वह काफी कम है, क्योंकि इसकी जानकारी ठीक से लोगों को लगी नहीं है। कांग्रेस मांग कर रही है कि यह समय 15 जून तक का किया जाए, जिससे 18 साल के होने वाले युवाओं को मौका मिल सके।

### निगम आयुक्त से भी होगी आज शाम मुलाकात

निगम में नेताप्रतिपक्ष शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि आज शाम 6.30 बजे से निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल से मुलाकात की जाएगी। कांग्रेसी पार्षदों को उनके वार्ड में आ रही समस्याओं पर चर्चा होगी और खासतौर से शहर के जल संकट पर भी बात होगी। लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण, अधूरे विकास, रोड के गड्ढे, बेक लाइन, स्ट्रीट लाइट, बढ़े हुए कर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक का विभाग बदलने की मांग भी की जाएगी। इस पूरे मामले में ज्ञापन भी दिया जाएगा।

## 12 करोड़ की लागत के निर्माण से पहले निरीक्षण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नन्दानगर में 12 करोड़ रु. की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है। इसके पहले विधायक रमेश मेंदोला, सभापति मुन्नालाल यादव सहित अन्य भाजपाइयों ने कंसलटेंट और कान्ट्रेक्टर के साथ निरीक्षण कर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को उच्च स्तर खेलों की सुविधा मिलेंगी तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## पार्षद ने की बोरिंग पर कब्जा करने वाले की शिकायत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 4 के वार्ड 69 क्षेत्र स्थित सराफा के समीप मोरसली गली में एक सरकारी बोरिंग पर किसी पप्पू का कब्जा है, ऐसा आरोप क्षेत्रीय जनता ने लगाते हुए पार्षद मीता रामबाबू राठौर को शिकायत की थी और उसी के बाद मीता रामबाबू राठौर ने राजमोहल्ला झोनल अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले पप्पू के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया जाए। अब देखना होगा कि झेडओ कितनी जल्दी और क्या कार्रवाई करते हैं।

**शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण कराओ दर्ज**

## भाजपाइयों ने किया व्यासपीठ का पूजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्व ब्राह्मण युवा एकता संगठन और धर्म रक्षक समिति के तत्वावधान में कनाडिया रोड़ पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भाजपाई पहुंचे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सत्यनारायण सत्तन, विकास अवस्थी, भावेश दवे, विवेक सिन्हा, सचिन बघेल, प्रमोद रघुवंशी सहित अन्य ने व्यासपीठ का पूजन किया और कथा का रसपान भी किया।

## भाजपा पार्षद कार्यालय से हुआ बल्ब का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 9 के कमला नेहरू धर्मशाला के समीप पार्षद कार्यालय से प्रज्जवल भारत हेल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में एलईडी बल्ब का वितरण कल किया गया। इस एक दिवसीय आयोजन में एक बिजली के बिल पर 9 वॉट के 5 बल्ब 30 रु. प्रति बल्ब के हिसाब से दिए गए। जिनके पास बिजली के बिल नहीं थे उनसे राशन कार्ड मंगाए गए।

# पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के चुनाव का द्वन्द्व जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के 9 क्षेत्रों में से 8 क्षेत्रों के चुनाव की प्रक्रिया हो चुकी है। एक नौवें क्षेत्र पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज में फार्म की गड़बड़ियों को लेकर एक बार चुनाव निरस्त हो चुका है और अब दोबारा चुनाव प्रक्रिया की जा रही है। दोनों ओर से 71-71 नामांकन कार्यकारी मंडल के लिए वैध रह गए थे और जब चुनाव अधिकारी को विधान का हवाला दिया गया तो उन्होंने विधान की जानकारी ली और दो महिलाओं के फार्म जो दोनों ओर से एक-एक भरे गए थे उनके फार्म कल निरस्त किए। अब दोनों ही पैनल के 70-70 कार्यकारी मंडल के उम्मीदवार मैदान में हैं और पदाधिकारियों में दोनों ओर से 8-8 पदाधिकारी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर डॉ. चन्द्रप्रकाश हेड़ा और उनके सामने राजेश सोमानी है। सोशल मीडिया पर यह भी चलाया जा रहा है कि राजेश सोमानी ज्यादातर उज्जैन में रहते हैं वे क्षेत्र का काम कैसे करेंगे। इधर चुनाव प्रचार का काम तेजी से शुरू हो चुका है, सुबह और शाम प्रचार हो रहा है। चुनाव रविवार 24 मई को हिन्दी साहित्य समिति मानस भवन में सुबह 9 से 1 बजे तक होगा और उसके बाद मतगणना की जाएगी। चुनाव अधिकारियों की दो महिलाओं के फार्म वैध कर बाद में निरस्त करने को लेकर भी सोशल मीडिया पर चुनाव अधिकारी गलती का हवाला दिया जा रहा है। इस बार महेश्वरम ट्रस्ट का मुद्दा भी गर्माया हुआ है और इसका असर नाराजगी के रूप में दिख रहा है और नाराज लोग बालाजी पैनल के साथ दिखाई दे रहे हैं।

**चुनाव अधिकारियों ने दो महिला नामांकन वैध किए, विधान देखे तो फार्म किए निरस्त, दोनों ही पैनल के कार्यकारी मंडल में 70-70 उम्मीदवार**

## ब्रिक्स परिषद की बैठक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक वर्तमान में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के हिस्से के रूप में मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित की गई। खेल मंत्री मनसुख मांडविया वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए।

## पूर्व विधायक ने ली अधिकारी के साथ पानी समस्या पर बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने रेसीडेंसी कोठी पर नगर निगम अधिकारियों के साथ जल समस्या को लेकर बैठक ली और क्षेत्र के सभी झोन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 17 वार्डों में पानी की आपूर्ति को लेकर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान शिवम यादव भी मौजूद रहे।



# जिंसी में मकान तोड़कर निकाली सड़क की राह

## समय देने के बाद भी जब लोगों ने अपने निर्माण नहीं तोड़े तो निगम की गैंग पहुंची

### सुबह से कार्रवाई के माध्यम से कर दिया सड़क का रास्ता साफ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि







**नगर निगम के द्वारा जिंसी में मकान के निर्माण को तोड़कर सड़क के लिए रास्ता निकाला गया है। इस क्षेत्र के नागरिकों को नगर निगम के द्वारा समय दिए जाने के बावजूद जब उन्होंने अपने निर्माण नहीं तोड़े तो आज नगर निगम की रिमूवल गैंग ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। इस कार्रवाई के माध्यम से सड़क का रास्ता साफ हो गया।**

नगर निगम के द्वारा जिंसी चौराहा से लेकर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा तक मास्टर प्लान की सड़क का निर्माण प्रस्तावित किया गया था। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट है लेकिन क्षेत्र के नागरिक चाहते थे कि यह सड़क 60 फीट की चौड़ाई में ही बनाई जाए तो नगर निगम के द्वारा नागरिकों की चाहत और इच्छा के अनुसार कम चौड़ाई में सड़क का निर्माण करने का फैसला लिया गया।

नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र के नागरिकों को नोटिस देकर सड़क को चौड़ा करने में बाधक निर्माण हटाने के लिए कहा गया था। निगम के इस नोटिस के आधार पर बड़ी संख्या में नागरिकों के द्वारा अपने निर्माण को हटाने का काम मजदूर लगवा कर खुद ही कर लिया गया। इसके बाद भी करीब तेरह निर्माण ऐसे थे जिन्होंने नगर निगम के नोटिस के बाद भी अपने निर्माण को हटाने में रुचि नहीं ली। ऐसे निर्माण हटाने के लिए इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग आज सुबह मौके पर पहुंच गई।

निगम की गैंग दो जेसीबी मशीन और दो पोकलेन मशीन लेकर पहुंची थी। इसके साथ ही मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी पहुंच गए थे। जिला प्रशासन की ओर से अधिकारी को भी मौके पर भेज दिया गया था। निगम की गैंग के द्वारा वहां मौजूद 13 मकान के निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम की इस कार्रवाई का किसी ने कोई विरोध नहीं किया। जो लोग अपने निर्माण खुद हटा रहे थे उनका भी निगम की गैंग ने मौके पर पहुंचकर सहयोग किया। इन लोगों के निर्माण को हटाने में भी निगम की टीम ने काम करते हुए साथ दिया।

इस कार्रवाई के लिए सड़क के रास्ते को बंद कर दिया गया था। यातायात को दूसरे रास्ते से जाने के लिए डायवर्ट कर दिया गया था। अब नगर निगम की कोशिश है कि जल्दी से जल्दी इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए। निगम के द्वारा सड़क के निर्माण का ठेका तो पहले से ही दिया हुआ है। आज तोड़फोड़ की कार्रवाई होने के बाद सबसे पहले मालवा उठाया जाएगा। उसके बाद में इस सड़क का निर्माण शुरू होगा।





## पानी के लिए हाथ बांधकर बंद कर दिया रास्ता

### पानी का संकट पूरे शहर में सिर चढ़कर बोल रहा है

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** एलआईजी चौराहा पर आज लोगों ने पानी की मांग को लेकर हाथ बांधकर रास्ता बंद कर दिया। क्षेत्र के लोग एक-दूसरे के हाथ को पड़कर लंबा कर मानव श्रृंखला बनाने की स्टाइल में खड़े हो गए। इन लोगों द्वारा पूरे रास्ते को बंद करते हुए नगर निगम से पानी की मांग की गई। इस क्षेत्र के आसपास स्थित कालोनी और बस्ती के लोग ज़ल संकट से बुरी तरह से परेशान है। इंदौर नगर निगम के पास कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद नगर निगम द्वारा इन क्षेत्र के लोगों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

शहर में आए दिन लोगों द्वारा पानी के लिए आंदोलन किया जा रहा है। इस साल पहली बार ऐसा हो रहा है जब शहर के हर क्षेत्र में खाली मटके फोड़े जा रहे हैं और लोगों द्वारा चक्काजाम करते हुए अपनी मांग को उठाई जा रही है हर व्यक्ति का कहना है कि हमें नगर निगम की ओर से पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। लोगों को पानी पहुंचाने के लिए नगर निगम के पास इस समय कोई भी योजना नहीं है।



## पारदी समाज ने दिया दुष्कर्म मामले में ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पारदी समाज के अध्यक्ष दीपू पंवार के साथ 50 से अधिक समाजजन एवं पदाधिकारियों ने बड़वाली चौकी स्थित ग्रामीण आईजी कार्यालय पहुंचकर वहां ज्ञापन दिया। इस मामले में सहायक आईजी मनजीतसिंह चावला से समाजजनों ने मुलाकात की और पूरा मामला नाबालिग के साथ दुष्कर्म का बताया। तत्काल चावला ने थाना प्रभारी मीणा करनावट को फोन कर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। मामला बेटमा थाना क्षेत्र का है, जहां यह बलात्कार हुआ बाद में विवाद भी इस मामले में हुआ था। दीपू पंवार, सिकंदर सोलंकी, जगराम सोलंकी, महिन्दर सोलंकी, बेजू सोलंकी, उदयसिंह सोलंकी, आशा सोलंकी, प्रीति सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन समाज में संविधान की अवहेलना कर पद पाने वाले भी दोषी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिटी ब्लास्ट लगातार दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद की खबरों को प्रकाशित कर रहा है। सालों बाद एक सामाजिक संसद की उम्मीद में इस बार भी दो सामाजिक संसद खड़ी है। दोनों ही सामाजिक संसद में पदों की भरमार की गई है। इधर अब दिगम्बर जैन समाजजन सोशल मीडिया पर लिख रहे हैं कि इतने पदाधिकारियों का प्रावधान संविधान में नहीं है, पहले तो दो सामाजिक संसद का प्रावधान नहीं है, दो अध्यक्ष और दोनों में पदाधिकारियों की गिनती भी संविधान के विपरित बढ़कर है। सोशल मीडिया पर यह भी लिखा कि पदलोलुपता के चलते सामाजिक नीति, नियम और संस्कार को ताक में रखे गए हैं, पद लेकर पदाधिकारी समाजजन इठलाते नजर आ रहे हैं और पाप के भागी बन रहे हैं। जो सोशल मीडिया पर लिखा गया है उसमें नियम और मर्यादाओं को हवाला भी दिया गया है, जिन्होंने पद लिए वे अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं, अवैधानिक जिम्मेदारी स्वीकार कर समाजहित में कार्य नहीं कर रहे हैं। पद लेकर घूमने वालों को आत्म मंथन करना चाहिए कि क्या वे समाज, संविधान, मर्यादा को निभा रहे हैं या नहीं। यह भी लिखा गया कि पद लेने वाले कई वरिष्ठ भी है जो अनुभवी है उसके बाद भी गलती कर रहे हैं। वे खुद के साथ और समाज के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं, इन भारी भरकम पदाधिकारियों में 42 पदाधिकारी ऐसे हैं, जो दोनों नाव में सवार होकर दोनों तरफ पदाधिकारी बन गए हैं, जबकि सामाजिक संसद में 742 सदस्य है, अब जब दूसरी सामाजिक संसद में पदाधिकारी बने तो केवल एक आनन्द कासलीवाल ने इस्तीफा दिया, बाकी ने इस्तीफा नहीं दिया और दोनों ही तरफ पदाधिकारी है। कुल मिलाकर दोनों सामाजिक संसद को लेकर सोशल मीडिया और पदाधिकारियों को खासतौर से लिखा जा रहा है। संविधान का हवाला सबसे ज्यादा दिया जा रहा है और दोनों तरफ पद वालों से इस्तीफे की मांग भी की जा रही है। जागरूक कलमकार रोजाना समाज को जागरूक कर रहे हैं।

## छावनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई क़ल करने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम द्वारा छावनी की सड़क के निर्माण के लिए मकान के हिस्से तोड़ने की कार्रवाई कल करने की तैयारी की जा रही है। निगम की रिमूवल गैंग को दिए गए आदेश के अनुसार कल सुबह से मधुमिलन चौराहा पर पहुंचने के लिए कहा गया है।**

नगर निगम द्वारा मधुमिलन चौराहा से लेकर जगन्नाथ धर्मशाला तक मास्टर प्लान प्रावधान के अनुसार 80 फीट सड़क का निर्माण करने की तैयारी की गई थी। इसके बाद में क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस सड़क को चौड़ा करने का विरोध किया गया। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि इस सड़क की चौड़ाई को 60 फीट ही रखा जाना चाहिए। क्षेत्र के लोगों के द्वारा इसके विरोध में आंदोलन शुरू कर दिया गया।

इस स्थिति के कारण नगर निगम को सड़क की चौड़ाई क़ो कम करने पर मजबूर होना पड़ा। अब नगर निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि इस सड़क को 60 फीट की चौड़ाई पर ही बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा सड़क के मार्ग में आने वाले निर्माण के मालिकों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इन सभी से कहा गया है कि वह कल सुबह तक अपने निर्माण को हटा लें।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि जो लोग अपने निर्माण कल सुबह तक हटा लेंगे उनमें तो कोई दिक्कत नहीं है लेकिन जिन लोगों द्वारा निर्माण नहीं हटाए जाएंगे उनके निर्माण को हटाने के लिए कल नगर निगम क़ी रिमूवल गैंग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इस क्षेत्र में करीब 100 से ज्यादा मकान में कार्रवाई करने की स्थिति बन रही है। आज सुबह भी क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपने निर्माण हटाने के लिए कोई मजदूर लगाने का काम नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए यह लगता है कि हर मकान के निर्माण के बाधक हिस्से को नगर निगम की टीम को ही तोड़ना पड़ेगा।

# टनल एक्वेरियम के लिए फिर से बनाने वाले की तलाश शुरू

## निगम के साथ बड़ी तकलीफ, एक तरफ विकास का ठेका लेने को कोई तैयार नहीं तो दूसरी तरफ ट्रिपल पी पर काम करने को भी तैयार नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा प्राणी संग्रहालय में टनल एक्वेरियम का निर्माण करने के लिए फिर से ठेकेदार की तलाश का कार्य शुरू किया गया है। इंदौर नगर निगम के साथ बड़ी तकलीफ की स्थिति है। एक तरफ जहां विकास कार्य का ठेका लेने के लिए ठेकेदार तैयार नहीं है तो दूसरी तरफ पीपीपी मॉडल पर भी काम करने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

निगम के द्वारा प्राणी संग्रहालय में टनल एक्वेरियम का निर्माण करने और 30 साल तक इसका संचालन संधारण करने का कार्य पीपीपी मॉडल पर करवाने का फैसला लिया गया था। इस फैसले का क्रियान्वयन करने के लिए नगर निगम के द्वारा ठेकेदार एजेंसी को निश्चित कर यह काम सौंपने के लिए टेंडर भी जारी किया गया था लेकिन किसी भी फर्म या ठेकेदार ने इस काम को करने में रुचि नहीं ली। निगम की पहली कोशिश नाकाम हो जाने के बाद अब निगम के द्वारा दूसरी बार कोशिश की जा रही है। इस कोशिश में निगम की ओर से ठेकेदार को चयनित कर यह काम सपना की तैयारी है लेकिन लाख टके का सवाल यही है कि क्या कोई ठेकेदार इस काम को लेने के लिए तैयार होगा? नगर निगम के साथ यह विषम स्थिति बनी हुई है कि जब वह विकास कार्य करने के लिए टेंडर जारी करता है तो कोई ठेकेदार टेंडर भरकर विकास करने के लिए तैयार नहीं होता है क्योंकि हर ठेकेदार को मालूम है कि निगम काम तो करवा लेगा और उसे काम का भुगतान कब मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। निगम में पैसे की कमी हर काम में आडे आती है। अब तक तो केवल विकास कार्य के प्रस्ताव में ही ठेकेदार अपने कदम पीछे हटा रहे थे अब तो पीपीपी मॉडल पर किए जाने वाले काम में भी ठेकेदारों ने रुचि लेना बंद कर दिया है। इस स्थिति में निगम के लिए अपने कामकाज को आकार दे पाना मुश्किल हो गया है।

# आरआरआर सेंटर्स के माध्यम से सामग्री का संग्रहण और वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम द्वारा शहर में 15 स्थानों पर आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल) सेंटर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन सेंटर्स का संचालन निगम की सहयोगी एनजीओ संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए भी सहायक माध्यम बन रही है। सेंटर्स के माध्यम से नागरिक अपने घरों की अनुपयोगी लेकिन उपयोगी सामग्री जैसे कपड़े, जूते-चप्पल, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक सामग्री, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं ई-वेस्ट आदि जमा करा रहे हैं। नागरिकों द्वारा जमा कराई गई इन सामग्रियों का व्यवस्थित रूप से वर्गीकरण एवं पुनः उपयोग किया जाता है। इससे एक ओर कचरे की मात्रा कम हो रही है तथा दूसरी ओर जरूरतमंद लोगों को उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। नगर निगम द्वारा संचालित यह अभिनव पहल 'रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल' की अवधारणा को व्यवहारिक रूप देने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही है। नागरिकों द्वारा दान की गई सामग्री को विभिन्न स्लम बस्तियों में आयोजित 'आरआरआर स्लम हाट' के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। इन स्लम हाटों में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, किताबें, खिलौने,




बर्तन एवं अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री वितरित की जाती है, जिससे अनेक परिवारों को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में मार्च 2026 में नगर निगम द्वारा विशेष 'घर की सफाई – आरआरआर कलेक्शन ड्राइव' अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहरभर से लगभग 55 हजार किलोग्राम सामग्री संग्रहित की गई। नागरिकों ने उत्साहपूर्वक अपने घरों की अनुपयोगी वस्तुएं आरआरआर सेंटर्स पर जमा कराईं। इन सामग्रियों को पुनः उपयोग योग्य बनाकर जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया।

# प्रचार का पर्चा चिपकाया तो हुई 4 हजार की चालानी कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वार्ड 7 के अन्तर्गत वीआईपी रूट रामचन्द्र नगर चौराहा पर यूरिनल के पास विद्युत ट्रांसफार्मर और निगम का वॉटर कूलर लगा हुआ है। इस जल प्याऊ के ऊपर नौकरी देने का एक पम्पलेट चिपका दिया गया। सहायक सीएसआई भारत करोसिया ने इस पम्पलेट स्टीकर पर नम्बर देखकर ऑफिस पर फोन लगाया, किसी महिला कर्मचारी ने बात की तो उनसे जॉब की बात की गई और उसी आधार पर उनका कार्यालय का पता लिया गया। कम्पनी का नाम यूपा क्रिएशन ढक्कनवाला कुआं बैंक के ऊपर कार्यालय होना बताया। पहले जॉब की बात की गई, फिर विज्ञापन स्टीकर की बात कर निगम के चालान की बात हुई, तब महिला ने ऑफिस के जिम्मेदार से बात कराई, इस पर कहा कि किसी ने गलती से चिपका दिया होगा, आगे



से ऐसा नहीं होगा और हम इस स्टीकर को निकला देंगे और फोन काट दिया। इस पर करोसिया ने फिर फोन लगाए तो फोन नहीं उठाए, दूसरे दिन करोसिया कार्यालय पहुंच गए और यूपा क्रिएशन का 4 हजार रु. का चालान बना दिया। वहीं वार्ड 16 में भी सर्विस सेंटर के बाहर गंदगी मिली तो वहां भी 1 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की गई। करोसिया के साथ नरेन्द्र आदिवाल, सचिन कल्याणे, आशीष करोसिया भी कार्रवाई में मौजूद थे।

## स्कूलों ने कल देर रात तक किया पोर्टल पर काम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सभी अशासकीय विद्यालयों को कल रात 12 बजे तक फीस पोर्टल पर छात्रों से ली जाने वाली शैक्षणिक शुल्क और अन्य शुल्क की मदवार जानकारी देना थी और साथ में 3 हजार रु. फीस राशि भी जमा करना थी। संकुल प्राचार्यों ने स्कूलों को फोन लगाकर कल दोपहर बाद इसकी जानकारी दी और कल रात तक स्कूलों ने कार्य कम्पलिट किए।

# एक ही नाला कितनी बार होगा साफ?

## स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तीन बार साफ हो चुके नाले को फिर किया जा रहा है साफ

### पार्षद ने उठाए सवाल, शहर के कुछ स्थान को क्यों सजाया जा रहा, पेवर ब्लॉक बदलने का मामला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में चल रही स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी पर अब सवाल उठने लगे हैं क्योंकि यह शहर के कुछ स्थानों पर ही की जा रही है, पूरे शहर में तैयारी होती दिखाई नहीं दे रही है। नगर निगम द्वारा केवल चिन्हित स्थानों के आसपास साफ सफाई, रंग रोगन और सजावट का काम किया जा रहा है इसको लेकर कांग्रेस पार्षद ने सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि एक ही स्थान को नगर निगम कितनी बार सजाएगा और कितनी बार ठीक करेगा। पंचकुइयां नाला को अब तक तीन बार साफ किया जा चुका है।

सोलंकी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी को लेकर शहर से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और पेवर ब्लॉक बदलने को लेकर भ्रष्टाचार चल रहा है। उन्होंने देव गुराडिया क्षेत्र में पहुंचकर बदले जा रहे पेवर ब्लॉक के बारे में बताया कि यहां नगर निगम द्वारा कुछ दिन पूर्व लगाए गए नए पेवर ब्लॉक उखाड़ दिए गए हैं और फिर से नए ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। हर साल शहर के कुछ स्थानों पर तैयारी कर दी जाती है और टीम जाकर निरीक्षण कर लेती है पूरे शहर में गंदगी और कचरा पसरा रहता है।

इसी तरह पिछले 6 सालों से नगर निगम नाला सफाई का काम करता आ रहा है स्वच्छता सर्वेक्षण में केवल पंचकुया का नाला साफ करके नालों की की सफाई पूरे शहर में बता दी जाती है और अवार्ड ले लिया जाता है। इस तरह से अवार्ड जीतना शहर की जनता के साथ धोखा है। यदि सफाई की जानी है तो शहर के सभी नालों की एक साथ सफाई की जाए और एक मुकम्मल योजना बनाकर इनका देखरेख मेंटेनेंस भी किया जाए क्योंकि हर साल पंचकुईया नाले की सफाई की जाती है और कुछ दिनों बाद यहां गंदगी फैल जाती है जिसको नगर निगम करोड़ों रुपए खर्च करके करता है।

कुछ सालों पूर्व अमितेश नगर में सरस्वती नदी के पानी को साफ करके यहां सुंदर घाट बनाए गए थे जिस पर स्मार्ट सिटी द्वारा 7 से 10 करोड रुपए खर्च किए गए आज उन घाट की हालत क्या है यह देखा जा सकता है। इसी तरह पंचकुइयां नाले पर भी सजावट कर, पेड़ पौधे लगाने के साथ बगीचा भी लगाया गया था जो 2 साल पहले खत्म कर दिया गया क्योंकि इसका मेंटेनेंस नगर निगम नहीं कर पाया और शहर के लोगों ने उसमें कचरा डालकर गंदा किया जबकि इस नाले पर पूर्व महापौर मालिनी गौड़ द्वारा दंगल और पोहा पार्टी का आयोजन किया जा चुका है। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर केंद्र सरकार की टीम जल्द ही इंदौर आ सकती है, इसके लिए शहर के अलग-अलग स्थान पर तैयारी की जा रही है। टीम द्वारा जिन स्थान पर निरीक्षण किया जाना है उसको सजाने सवारने का काम किया जा रहा है। हमेशा से सर्वेक्षण की टीम नगर निगम द्वारा पूर्व से किए गए डॉक्यूमेंटेशन के अनुसार काम करती आ रही है जिसके तहत डॉक्यूमेंट में बताए गए स्थान पर टीम क्रॉस चेक करने पहुंचती है। नगर निगम का दावा स्वच्छता गाइडलाइन के अनुसार उन स्थानों पर किया जाता रहा है इसीलिए टीम यहां गोपनीय रूप से पहुंच कर उन तथ्यों को परखती है जो निगम द्वारा बताए गए हैं अगर इसमें कमी या चूक होती है तो माइनस मार्किंग भी की जाती है। नगर निगम पिछले 9 सालों से स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप पर रहा है, इस बार 10वीं बार स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तैयारी की जा रही है।



# 'जलतरंग : द अल्टीमेट एक्वा गाला' का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

उमंग युगल ग्रुप द्वारा ऑयस्टर वन रिट्रीट में समर पूल पार्टी 'जलतरंग : द अल्टीमेट एक्वा गाला' का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम को पूरी तरह फन-डे बना दिया। पूल के भीतर और बाहर कई तरह के सरप्राइजिंग और इनोवेटिव ग्रुप गेम्स आयोजित किए गए: पुरुषों और महिलाओं की मस्तीः जहां एक ओर ग्रुप की महिलाओं ने खूबसूरत समर ड्रेसेस और गॉगल्स में ढेरों तस्वीरें खिंचवाईं और वॉटर एक्टिविटीज का आनंद लिया, वहीं पुरुषों की टोली ने भी पूल साइड पर जमकर मस्ती की और यादें ताजा कीं। म्यूजिक और डांस, डीजे की धमाकेदार धुनों पर सभी कपल्स ने पानी के बीच थिरकते हुए गर्मी को पूरी तरह भुला दिया।

# जैन रक्षा समिति के अभियान में होगा सम्मान आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

जैन संस्कृति-संस्कार रक्षा समिति गठन के बाद धर्म मर्यादाओं को बढ़ावा देने का अभियान 23 मई से शुरू होगा और सम्मान का पहला आयोजन करने की बात संस्थापक अक्षय जैन मारू ने बताई। यह भी कहा कि वैभव-विलासिता और प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के कारण धर्म संस्कारों पर निरंतर प्रहार हो रहा है तथा समाज में भटकाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में धार्मिक मर्यादाओं एवं संस्कारों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। जो जैन परिवार अपने यहां मांगलिक आयोजनों में जमीकंद सहित सूर्यास्त पूर्व भोजन का पालन करते हैं उन जैन समाजजनों का सम्मान किया जाएगा। यह सम्मान आयोजन 23 को सुखदेव नगर स्थित नए स्थानक भवन के लोकार्पण अवसर पर सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। संत भी मौजूद रहेंगे। मनोज मारू, राजेश सुराणा, सुरेन्द्र धाकड़ का भी सम्मान होगा।

# राजपूत समाजजनों की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राजपूत समाज देश के वीर महाराणा प्रताप की जयंती पर 17 जून को शोभायात्रा निकालेगा अन्य महापुरुषों की जयंती भी मनाई जाएगी, जिनमें 12 जून को पृथ्वीराज चौहान की भी जयंती है इसे लेकर राजपूत समाज की संस्थाओं करणी सेवा, प्रगतिशील क्षत्रिय महासभा, चेतन मंडल,



निमाड़ विकास परिषद, राणा उदय सिंह महासभा, राजपूत यूथ ब्रिगेड, राजपूत पारमार्थिक ट्रस्ट, जय राजपूताना संघ सहित विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।







# माहेश्वरी फ्रेण्ड्स ग्रुप ने किया सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माहेश्वरी फ्रेण्ड्स ग्रुप के स्नेह मिलन आयोजन और पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी घनश्याम झंवर और दिनेश शीला चितलांग्या, ओमप्रकाश किरण अजमेरा का भी सम्मान किया गया। उक्त जानकारी सुरेश राठी, राजेश मूंदड़ा, बालकृष्ण शशि बांगड़, प्रदीप सीमा जाखेटिया ने दी।



# वैश्य ग्रुप ने किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश वैश्य एकता प्रकल्प के पदाधिकारी और मातृशक्तियों ने मिलकर सफाई मित्रों का सम्मान किया। सुदामा नगर डी-सेक्टर पहुंचकर घरों में पौधा का वितरण भी किया गया। उक्त जानकारी गौरव अग्रवाल ने दी।



# माहेश्वरी महिलाओं की धार्मिक यात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माहेश्वरी समाज हाइवे क्षेत्र की महिला सदस्यों का दल अध्यक्ष निर्मला मंत्री के नेतृत्व में अधिकमास में एक दिवसीय धार्मिक पर्यटन यात्रा के लिए उज्जैन रवाना हुआ। इस यात्रा में 3 मिनी बस से करीब 50 महिला सदस्यों ने यह आयोजन किया। सुषमा मालू, लता गट्टानी, मंजू सारडा, कविता बाहेती, संध्या कासट, भारती सोडानी, शीतल सारडा, हेमा बियाणी, निर्मला भूराडिया, दीपिका बाहेती, अंजना माहेश्वरी, सुधा मालू, मीना साबू सहित अन्य शामिल हुई। बाबा महाकाल, चिंतामण गणेश, क्षिप्रा नदी में धार्मिक आयोजन किए। उक्त जानकारी श्याम सारडा द्वारा की गई।



# उमंग महिला परिषद ने किया महामंडल विधान आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उमंग महिला परिषद ने गोम्मटगिरि में 48 भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन किया। बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। धार्मिक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। देपालपुर जैन मंदिर में वॉटर कूलर लगाने की सहमति मिली। वहीं गोम्मटगिरि परिसर में सकोरों की व्यवस्था की गई। कर्मचारियों और सहयोगियों को प्रभावना, बेड शीट भेंट की गई, सेवाकार्य किए गए। रिंकू अजमेरा, सरला सामरिया, प्रभा जैन, अनिता जैन, साधना दगड़े, संगीता बाकलीवाल, रितू बज, रीना गंगवाल, संगीता जैन, नीता कासलीवाल, मीना बिलाला, हेमलता गोधा, नम्रता अजमेरा, साधना अजमेरा, मोनिका कासलीवाल, ज्योति गोधा, शिल्पी छाबड़ा, सोनल पाटोदी, मेघा सोगानी, संध्या लुहाड़िया, नीलू जैन, स्वीटी झांझरी, सुनीता काला, शिल्पी पाटनी सहित अन्य मौजूद थे।

# दो आर्यिका माताजी की दुर्घटना में निधन पर श्रद्धासुमन





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज महासमिति इंदौर संभाग अध्यक्ष वीरेन्द्र बड़जात्या ने बताया कि कल रीवा के समीप सड़क दुर्घटना में दो आर्यिका माताजी श्रुतमति, उपशममति माताजी का देवलोकगमन हो गया। इससे पूरे प्रदेश के साथ इंदौर के जैन समाज में भी दुःख की घड़ी है और इस घटना पर रोष भी व्यक्त किया गया है। बड़जात्या ने कहा कि त्याग-तप-आराधना की प्रतिमूर्तियों का इस तरह काल कवलित होना दुःखद घटना है। बड़जात्या ने कहा कि जैन समाजजनों ने दोनों माताजी के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# दो जैन आर्यिका माताओं के निधन पर कल सुबह विनयांजलि सभा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन समाज प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने बताया कि रीवा दुर्घटना में 105 श्रुतमति माताजी एवं उपसममति माताजी का निधन हुआ। उन्हें विनयांजलि देने के लिए सभा का आयोजन कल शुक्रवार सुबह 8 बजे उदय नगर जैन मंदिर परिसर में कार्यक्रम विनयांजलि का आयोजित किया गया है। महामंत्री हर्ष जैन सहित बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहेंगे।

# बौद्ध समाज का सामूहिक विवाह आयोजन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बौद्ध समाज सामूहिक कल्याण समिति से जुड़े लक्ष्मण वाघ ने बताया कि समाज को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन 7 जून को किया जाएगा, जिसमें 11 जोड़ें विवाह बंधन में बंधेंगे। लक्ष्मण वाघ, मुकुल वाघ ने बताया कि 95 युवक-युवती परिचय प्रविष्टियां भी प्राप्त हुई थी, उनमें से 11 जोड़ों का चयन किया गया, आयोजन बिल्कुल निःशुल्क होगा। विवाह पत्रिकाएं छापने से लेकर, फोटो, वीडियो शूटिंग, घोड़े, बग्घी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, विवाह के फोटो और विवाह संस्कार, बौद्ध भिक्षु परम्परा अनुसार निःशुल्क किया जाएगा। कन्याओं का कन्यादान भी होगा।





# आज चाय दिवस पर भी चाय का शुल्क

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज चाय दिवस मनाया जा रहा है और चाय दिवस पर कई चाय प्रेमियों को यह पता ही नहीं है कि हमारे शौक का चाय दिवस मनाया जा रहा है। आज इंदौर में किसी भी जगह निःशुल्क चाय का वितरण नहीं हुआ, सभी जगह चाय का शुल्क लगता रहा और लोग चाय की सुसकियां लेते रहे और कुछ ही लोगों को पता था कि आज चाय दिवस है।

# हवा, मिट्टी और पानी की चिंता से हो जाएगा पर्यावरण का संरक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला में जाल सभागृह में राजस्थान के पर्यावरण प्रो श्यामसुंदर ज्याणी ने कहा है कि हमें हवा, मिट्टी और पानी की चिंता करना होगी। जब यह चिंता हम करेंगे तो पर्यावरण का संरक्षण स्वमेव हो जाएगा। केवल पेड़ लगा लेने से ग्रीन कवरेज नहीं होगा। हमें क्षेत्र की तासीर को भी समझना होगा। पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक भागीदारी से उन्होंने अब तक 50 लाख वृक्ष लगाए हैं और 200 वन तैयार किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर कोई सा भी पौधा नहीं लगाया जाता है। हमें जमीन की तासीर को समझाना पड़ेगा। हर प्रदेश का नहीं बल्कि हर जिले का मिट्टी का एक अलग स्वभाव होता है। जब हम उस स्वभाव को समझेंगे और उसके हिसाब से पौधा लगाएंगे तो वह पौधा पनपेगा।



रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे, आनंद शर्मा, शफी शेख, द्वारका मालवीय, सुनील साहू, स्वप्निल व्यास, डॉ ओ पी जोशी, डॉ दिलीप वाघेला, डा. शंकरलाल गर्ग मौजूद थे। आज गुरुवार को व्याख्यान माला का अंतिम दिन है। समापन सत्र में रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल माधुरी कानिटकर का व्याख्यान शाम 6 बजे से होगा।



# नीरज पटेल वियतनाम जाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि वियतनाम में 21 मई को भारतीय टीम के साथ एशियाई कुश्ती के लिए नीरज पटेल, रवाना होंगे। इनके प्रशिक्षक खंडवा के जगदीश पटेल पूर्व में भी माधुरी पटेल, पायल पटेल, उदित पटेल जैसे अंतरराष्ट्रीय पहलवान मध्यप्रदेश को दे चुके है।



## नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर ब्यूटीशियन एसोसिएशन ने नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप के प्रचार और ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप की विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह चैंपियनशिप 20, 21 एवं 22 जुलाई को इंदौर में आयोजित होगी।

# शिविर में महिलाओं ने कराई निशुल्क जांचें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन, छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं गुरूजी सेवा न्यास की मेजबानी में नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में शहर में दो स्थानों पर मातृशक्ति के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, स्कीम 54 स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर (माधव सृष्टि) पर 547 एवं छावनी स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल रेडक्रॉस सेंटर पर 621 महिलाओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दोनों स्थानों पर 40 वर्ष से अधिक आयु की 261 महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग जांच भी निशुल्क की गई। दोनों स्थानों पर आज भी सुबह से शिविर शुरू हो गए हैं।






## जैन ग्रुप ने दी सहायता राशि

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न की मासिक बैठक रिसोर्ट में आयोजित हुई। राजशान्ति आशियाना में रसोईघर के निर्माण हेतु एवं सेवा भारती इंदौर व नारायण सेवा संस्थान उदयपुर को आपरेशन हेतु सहायतार्थ राशि प्रदान की गई। गोपीलाल सामोता, भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, प्रकाश मारू, सुरेशचंद जैन, अशोक सोजतिया, श्रेनिक तांतेड,महेश डाकोलिया, गिरीश बाफना, जिनेन्द्रकुमार पारख, किरण संचेती,अरविन्द चौधरी मौजूद थे।

## प्रेस क्लब का कार्ड नवीनीकरण कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर प्रेस क्लब के कार्ड का नवीनीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। कार्ड नवीनीकरण हेतु आवश्यक शुल्क 150/- रुपए रखा गया। सभी सदस्य कार्ड नवीनीकरण के लिए प्रेस क्लब कार्यालय में अशोक गौड़ से संपर्क कर कार्ड के लिए फार्म भरकर जमा कर सकते हैं। इसके लिए फोटो, आधार कार्ड, सदस्यता शुल्क की नवीन रसीद आवश्यक है।

## विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का प्रदर्शन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विद्युत कम्पनी के विरोध में पेंशनर्स हित रक्षक संघ का प्रदर्शन पोलोग्राउण्ड के मुख्य द्वार पर करीब 3 घंटे तक धरना के साथ किया गया। प्रदेश के 45 शाखाओ के कई सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने शिरकत की। अशोक गुप्ता, आर. डी. मिश्रा, शिव बहादुर सिंह ठाकुर, के. के. पुरोहित, आशुतोष अवस्थी, भीमसेन सिंह, एस.एन. पटेल, आर.बी. बैस, बी.एल. पटेल, दिनेश डाले, विजय कुमार राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे।



## क़ल से इस्माइल लहरी बच्चों को देंगे प्रशिक्षण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर प्रेस क्लब द्वारा सदस्यों और मीडियाकर्मियों के बच्चों के लिए कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी की तीन दिवसीय कार्टूनशाला 22 से 24 मई तक आयोजित की जा रही है। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम एवं महासचिव प्रदीप जोशी ने बताया कि इंदौर प्रेस क्लब में चलने वाली तीन दिवसीय 'लहरी अंकल की कार्टूनशाला' का समय सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक रहेगा। इसमें भाग लेने के लिए 70 बच्चों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

# आबकारी विभाग का नशा मुक्ति अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आबकारी विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान कल कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में तेजपुर गड़बड़ी बस्ती, केसरबाग क्षेत्र में चलाया गया। राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, जहांगीर खान, प्रियंका रानी चौरसिया, तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर, संगीता यादव, कैलाश अखंडे ने बस्ती में पहुंचकर महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं पुरुषों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की खुशियों को भी प्रभावित करता है। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने एवं समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।



## कल भागवत से पूर्व कलश यात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भागवत कथा का आयोजन माता कालका निकुंभला मंदिर श्री बालाजी धाम कॉलोनी नावदा पथ पर कल से 27 मई तक रोजाना दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक कथा का रसपान होगा। कथा के पूर्व कलश यात्रा श्री महाकाल मंदिर से माता जी के धाम तक निकाली जाएगी।

## फर्नीचर उद्योगों के लिए 'मानक मंथन'




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एसोसिएशन सभागार उद्योग भवन पोलोग्राउंड उद्योगों में गुणवत्ता और जागरूकता की संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल शाखा द्वारा एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश एवं इंदौर इंटरनेशनल मेगा फर्नीचर क्लस्टर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में फर्नीचर उद्योगों के लिए मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन अध्यक्ष योगेश मेहता की अध्यक्षता में हुआ। प्रकाश जैन,सीएम जैन, प्रमोद जैन, तपन जैन, कल्पेश मेहता, हरीश नागर, ए.के. विश्वास, घनश्याम बाहेती सहित अन्य मौजूद थे।

# सहायक प्राध्यापक के 1239 पद दिए, लेकिन नियुक्तियां इस साल नहीं

## अगले साल जनवरी से ही नियुक्तियां हो पाएंगी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा की वैकेंसी में इस बार 19 विषयों के 1239 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। लेकिन यह फायदा इस साल नहीं मिलने जा रहा है। यह अगले साल मिल पाएगा। 30 अगस्त तक तो एग्जाम चलेगी। फिर दिसंबर जनवरी से इंटरव्यू शुरू होंगे, तब जाकर चयन लिस्ट आएगी। इसमें भी इंटरव्यू के बाद दो माह तक लग जाते हैं।

यह है पूरी प्रक्रिया

इसकी परीक्षा तीन चरणों में होगी। उसके बाद इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। परीक्षा की तारीख पहले ही घोषित हो चुकी है। यह तीन शिफ्ट में 12 जुलाई, 2 अगस्त व 30 अगस्त को होगी। पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान किया गया है। विज्ञापन की शर्तों में इस पर विस्तार से जानकारी दी गई है। हालांकि, इस बार पिछले दो विज्ञापनों की तुलना में न केवल पद कम हैं, बल्कि विषय भी कम शामिल किए गए हैं। जानकारों का कहना है कि जिन विषयों में सबसे ज्यादा एडमिशन हो रहे हैं और फैकल्टी कम हैं, उन्हें ही शामिल किया गया है।

### इस बार पद भी सबसे कम, कब कितने पद दिए?

- 2022 : 34 विषयों के 1669 पद निकाले। लाइब्रेरियन व स्पोर्ट्स आफिसर के पद अलग से दिए गए।
- 2024 : 23 विषयों के 1918 पद निकाले। लाइब्रेरियन व स्पोर्ट्स आफिसर के अलग से पद दिए गए।

2025 : 19 विषयों के 1239 पद निकाले।

किस विषय में कितने पद

- फिजिक्स- 120 पद
- सोशियोलॉजी - 71 पद
- इकोनॉमिक्स - 72 पद
- पॉलिटिकल साइंस - 73 पद
- कॉमर्स - 88 पद
- कम्प्यूटर साइंस - 29 पद
- गणित- 107 पद
- जूलॉजी - 119 पद
- बॉटनी- 125 पद
- केमिस्ट्री- 116 पद
- यौगिक विज्ञान - 3 पद
- जियोलॉजी - 10 पद
- लॉ- 17 पद
- साइकोलॉजी - 10 पद
- हिस्ट्री- 58 पद
- इकोनॉमिक्स - 72 पद
- जियोग्राफी- 74 पद
- संस्कृत - 34 पद
- इंग्लिश- 56 पद
- हिंदी- 57 पद

(कुल 1239 पद)

### अब कम पद बचेंगे खाली

2022 से अब तक के चार वर्षों में ही पीएससी ने यह तीसरी बार असिस्टेंट प्रोफेसर की वैकेंसी निकाली है। जबकि इससे पहले 1989 से 2017 तक के 28 वर्षों में सिर्फ 3 बार वैकेंसी आई थी। अब केवल चार वर्षों में ही तीन बार वैकेंसी आई है और इसके जरिये कुल 4913 पद निकाले गए हैं। इंदौर सहित प्रदेशभर के 550 से ज्यादा शासकीय कॉलेजों में 12 हजार 389 पद स्वीकृत थे, उनमें से 5566 पद खाली हैं। नई नियुक्तियों में 4913 असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ ही 400 से ज्यादा स्पोर्ट्स आफिसर व लाइब्रेरियन के भी पद भरे जा रहे हैं। इन भर्ती के बाद पुराने कॉलेजों में बमुश्किल 200 पद खाली रहेंगे।

# वार्ड 52 की लंबे समय से अधूरी रिटर्निंग वॉल का दोबारा हुआ काम शुरू

**सिटी ब्लास्ट इंपेक्टः**

**इंदौर।** सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट में प्रमुखता से पिछले दिनों छपी वार्ड 52 की खबर शीर्षक 'निगम में पैसों के संकट ने अटकाया खाती मोहल्ला में नाले पर सुरक्षा दीवार का काम' सब हेडिंग 'जिम्मेदारों की अनदेखी से छह माह से आधा - अधूरा 99 लाख की रिटर्निंग वॉल का निर्माण' के साथ खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद आखिर अब जाकर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर मामले में संज्ञान लेकर लंबे समय से अटकी सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य दोबारा शुरू करवा दिया है। जिससे क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवार और क्षेत्रीय पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने भी राहत की सांस ली है। यही नहीं क्षेत्र के लोगों में भी खुशी है कि अब बारिश शुरू होने से पहले लंबे समय से अधूरी रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा।



**बारिश से पहले काम शुरू होने से रहवासियों में खुशी का माहौल-** साथ ही पार्षद चौधरी ने कहा कि सिटी ब्लास्ट में छपी खबर के असर से लंबे समय से अटकी खाती मोहल्ला क्षेत्र के बरसों पुरानी नाले से जुड़ी रिटर्निंग सुरक्षा दीवार का काम दोबारा शुरू हो गया है। जिससे बड़ी बात यह है कि बारिश से पहले रिटर्निंग वॉल का दोबारा काम शुरू होने से बारिश के दौरान नाले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो जाने से अब बारिश के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना या अत्यधिक वर्षा के दौरान भी किसी प्रकार की हानि होने की आशंका नहीं रहेंगी। साथ ही दोबारा काम शुरू होने से रहवासियों में भी जबरदस्त उत्साह है।

**छह माह से भी ज्यादा समय तक बंद रहा था निर्माण-** गौरतलब है कि पिछले दिनों निगम में पैसों के संकट के चलते कई ठेकेदारों का भुगतान रुक गया था। जिसके कारण ठेकेदारों ने कई जगह आधे - अधूरे निर्माण कार्य कर काम रोक दिए थे। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को परेशानी हो रही थी। इसको लेकर सिटी ब्लास्ट ने अपने अखबार में प्रमुखता से वार्ड 52 की आधी - अधूरी रिटर्निंग वॉल की खबर प्रकाशित की थी। उसके बाद निगम कमिश्नर और अन्य अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेकर रिटर्निंग वॉल निर्माण का कार्य दोबारा शुरू करवा दिया है। साथ ही कहा जा रहा है की बारिश से पहले जल्द से जल्द अधूरा निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा ताकि लोगों को दिक्कत न हो।

# वार्ड 52 में भी गहराया जलसंकट, क्षेत्र का एकमात्र हाईड्रेंट भी मोटर खराबी से हुआ बंद



**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 52 में क्षेत्र का एकमात्र हायड्रेंट मोटर खराबी के चलते पिछले दो दिन से बंद हो गया है। जिससे मूसाखेड़ी क्षेत्र के इस वार्ड में भी अब पानी का संकट गहराने लगा है। गौरतलब है कि अब तक विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 और 54 में पानी के संकट की समस्या सामने आ रही थी। जिसके कारण मूसाखेड़ी क्षेत्र के दोनों वार्डों के ज्यादातर हाइड्रेंट और अन्य सरकारी बोरिंग सूख जाने के कारण टैंकरों को भरने का बड़ा संकट पैदा हो गया था। जिसके कारण पिछले दिनों वार्ड चोपन के पार्षद महेश बसवाल ने रहवासियों के साथ नर्मदा प्रोजेक्ट दफ्तर पहुंचकर शिकायत की थी।

इधर वार्ड 51 के पार्षद मलखान कटारिया द्वारा भी क्षेत्र के सरकारी बोरिंग और टैंकर भरने के लिए लगे हाइड्रेंट सूखने के चलते टैंकर नहीं भर पाने के कारण महापौर और विधायक के साथ निगम कमिश्नर और अधिकारियों को शिकायत की थी। कटारिया का कहना है वार्ड में पानी कमी को दूर करने के लिए 4 टैंकर की मांग की थी 2 ही मिले जिसे लेकर लगातार निगम कमिश्नर और महापौर से मिलकर भी शिकायत दर्ज की थी।

जबकि वार्ड 52 में अब तक क्षेत्र की कांग्रेस पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी, रज्जू पंडित और भाजपा नेता उमेश मंगरोला, शेखर चौधरी, सुदेश राजोरिया, गब्बर चौधरी सहित अन्य भाजपा और कांग्रेस नेता मिलकर क्षेत्र में लोगों के घर - घर टैंकर भेजकर पानी का संकट दूर कर रहे थे। लेकिन अब यहां भी मोटर खराब होने से टैंकर भरने की समस्या भी पैदा हो गई है। इधर विधायक महेंद्र हार्डिया पहले से अपनी विधानसभा में जलसंकट को लेकर नाराज है। उनका कहना है कि मेरी विधानसभा की टंकियां पूरी नहीं भरी जा रही है। जिसके कारण उनकी विधानसभा में 20 साल में पहली बार इतना जबरदस्त पानी का संकट सामने आया है। जिसको लेकर विधायक ने महापौर के सामने पानी के संकट को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही चेतावनी भी दी की अगर जल्द पानी का संकट दूर नहीं हुआ तो वो रोज महापौर सचिवालय में जाकर बैठेंगे।

# वार्ड 3 के बगीचों में सिविल कार्यों के साथ होंगे सौंदर्यकरण के काम

**इंदौर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 से जुड़े गार्डन और बगीचों में सौंदर्य करण और सजाने - संवारने के कार्य भी किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत बगीचों में सिविल कार्य के तहत टूटी बाउंड्रीवॉल की बजाय सबसे पहले नई सुरक्षा बाउंडी वॉल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही बगीचों में नए पेड़ पौधे लगाने के साथ लंबे समय से बंद लाइटिंग बदलकर नहीं आकर्षक कॉल पर आधुनिक लाइटिंग लगाने का काम किया जाएगा। साथ ही टूटे - फूटे झूले और चकरी के स्थान पर नए झूले - चकरी और फिसल पट्टी लगाई जाएगी। साथ ही इन बगीचों में स्वच्छता सर्वेक्षण के चलते रंगाई - पुताई के साथ पेंटिंग कर चित्रकारी भी की जाएगी।

**निविदा प्रक्रिया के बाद इसी माह शुरू होगा काम-** वही खास बात यह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के चलते निगम द्वारा इसी माह में 22 तारीख के बाद निविदा संबधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद कभी भी सौंदर्यकरण और सजाने संवारने के अंतर्गत कई काम एक साथ शुरू करने की तैयारी है। जिसके तहत सिविल कार्य पूर्ण होने के बाद हाथों हाथ सौंदर्य करण के कार्य भी किए जाएंगे। वही बारिश के दौरान यहां एक से बढ़कर एक आकर्षक पेड़ - पौधे भी लगाए जाएंगे।

# वार्ड 47 की गोमा की फेल बस्ती में जर्जर के बजाय अब मिलेगी आदर्श शौचालय की सौगात

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत गोमा की फेल बस्ती में लंबे समय से जर्जर शौचालय की बजाय अब निगम यहां लाखों रुपए खर्चकर एक आदर्श शौचालय का निर्माण करेगा। जिसको लेकर निगम की ओर से विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक आदर्श शौचालय में आधुनिक तकनीक का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। जिसके तहत सामान्य शौचालय की तुलना में आदर्श शौचालय में कई उन्नत और विशेष सुविधाएं आसपास के रहवासी और शौचालय का उपयोग करने वालों को मिलेगी। जिसमें स्वच्छता और साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

एमआईसी सदस्य एवं क्षेत्रिय पार्षद नंदू पहाड़िया ने बताया कि जिसके अंतर्गत महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग सुरक्षित ब्लॉक बनाए जाएंगे। साथ ही दिव्यांगजन के लिए अनुकूल



व्हीलचेयर रैंप और चौड़े दरवाजे के साथ विशेष रूप से डिजाइन किए कमोड, हैंड रेल्स की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यही नहीं शौचालय में साफ - सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही पानी की 24 घंटे उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के साथ दिनभर में कई बार साफ - सफाई भी की जाएगी। जिसके लिए सफाई स्टाफ की सुविधा रहेगी। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल सोलर पावर सेंसर पानी का उचित लेवल और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आधुनिक एसटीपी तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा अतिरिक्त सुविधाओं में हैंड वॉश , लिक्विड शोप , दर्पण ,मिरर और स्वच्छ पेयजल की सुविधा भी शामिल रहेगी। साथ ही आदर्श शौचालय के आसपास पेड़ - पौधे लगाकर हरियाली और सौंदर्यकरण भी किया जाएगा।

## संपादकीय

# चार धाम यात्रा के बीच हेलिकॉप्टर हादसों ने बढ़ाई उत्तराखंड में सुरक्षा की चिंता

बद्रीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा। पर्यटकों को ले जाने और वापस लाने वाले हेलिकॉप्टर के हादसाग्रस्त हो जाने की घटनाएं भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं। पर्यटकों को ले जाने और वापस लाने वाले हेलिकॉप्टर के हादसाग्रस्त हो जाने की घटनाएं भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं। उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंची-ऊंची चोटियों और धार्मिक स्थलों की वजह से दुनियाभर में प्रसिद्ध है। पर्यटन का कारोबार राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। खासकर चार धाम यात्रा के लिए यहां साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उस लिहाज से व्यवस्थागत ढांचे का विस्तार नहीं हो पाया है। पहाड़ी प्रदेश होने की वजह से यहां के मौसम में अचानक बदलाव आने से भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाएं आम बात हैं। ऐसे में पर्यटकों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, पर्यटकों को ले जाने और वापस लाने वाले हेलिकॉप्टर के हादसाग्रस्त हो जाने की घटनाएं भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं। ऐसी ही एक घटना बुधवार सुबह हुई, जब बद्रीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा, हालांकि उसमें सवार यात्री सुरक्षित हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मगर सवाल है कि सरकार के ये कदम क्या सिर्फ राजस्व अर्जित करने तक सीमित हैं, या पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था को भी केंद्र में रखा जाता है? यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि पहाड़ी प्रदेश होने के नाते क्षेत्रीय मौसम में बदलाव का सटीक पूर्वानुमान लगाने की व्यवस्था हो, ताकि पर्यटकों और परिवहन एजेंसियों को पहले ही संभावित खतरे से सतर्क किया जा सके। इससे पहले भी चार धाम यात्रा मार्ग पर हेलिकॉप्टरों के हादसे का शिकार होने की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर ऐसा लगता है कि इन हादसों से शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हालांकि, सरकार की ओर से धार्मिक यात्रा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है, लेकिन जब तक इसे कड़ाई से लागू नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में आमूल-चूल सुधार नहीं हो पाएगा। मुंबई में गुरुवार दोपहर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलिकॉप्टर से जुड़ी एक बड़ी घटना सामने आई। खराब मौसम और तेज तूफानी हवाओं की वजह से उनका हेलिकॉप्टर बीच रास्ते में भटक गया। हालांकि पायलट की सतर्कता और सूझबूझ के चलते समय रहते हेलीकॉप्टर को वापस मोड़ लिया गया और जुहू के पवन हंस हेलीपैड पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

# पति की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पत्नी को किया बदनाम

**इन्दौर।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग और डिजिटल प्रताड़ना का एक और खौफनाक चेहरा भंवरकुआं इलाके में उजागर हुआ है। यहाँ रहकर पढ़ाई कर रही युवती को विकृत मानसिकता के चलते डिजिटल तौर पर शिकार बनाया गया, जिससे उसका वैवाहिक और सामाजिक जीवन संकट में पड़ गया।

पुलिस के अनुसार, भंवरकुआं क्षेत्र स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली विवाहित पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी अमन निवासी बागली, जिला देवास के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गत 2 मई से कोई अज्ञात व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उसके पति के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर एक फेक आईडी चला रहा था। बाद में जांच करने पर पता चला कि इस आईडी के पीछे देवास का अमन है। आरोपी इस फेक आईडी के माध्यम से लगातार आपत्तिजनक, अश्लील और पूरी तरह से झूठे संदेश लोगों को भेज रहा था।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी अमन इस फर्जी आईडी के जरिए उसके चरित्र पर कीचड़ उछाल रहा था। वह संदेशों में बेबुनियाद और गलत आरोप लगा रहा था कि पीड़िता के शादी के पहले और शादी के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंध रहे हैं।

इन संदेशों के कारण पीड़िता और उसके ससुराल व मायके पक्ष को भारी मानसिक तनाव और बदनामी का सामना करना पड़ा। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने केवल बदनामी तक ही सीमित न रहकर सीधे पीड़िता को टारगेट करना शुरू कर दिया। आरोपी अमन ने पीड़िता के निजी अकाउंट पर मैसेज भेजकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू किया। गत 6 मई को आरोपी ने पीड़िता को मैसेज और कॉल पर मां-बहन की गालियां दीं और बेहद खराब व अश्लील तरीके से बात की। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी की सनक इस कदर बढ़ चुकी है कि उसे अब अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है और आरोपी उसे जान से मार सकता है।

# पानी टैंकर लगाने को लेकर विवाद, बाइक साइड करने पर युवक को पीटा

**इन्दौर।** विजयनगर थाना इलाके में एक युवक को सिर्फ इसलिए पीट दिया गया क्योंकि वह टैंकर निकालने के लिए रास्ता साफ करते हुए नगर निगम टैंकर चालक की मदद कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, घटना विजयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आदर्श मेघदूत नगर की है। फरियादी उमाशंकर पिता मुन्शीलाल यादव निवासी आदर्श मेघदूत नगर ने थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उमाशंकर ने पुलिस को बताया कि वह नगर निगम जोन क्रमांक 22, वार्ड क्रमांक 31 में ड्राइवर गुरनाम सिंह के साथ नगर निगम का पानी का टैंकर लेकर आदर्श मेघदूत नगर में पानी सप्लाई करने गए थे। आदर्श मेघदूत नगर में मकान नंबर 19 के सामने ड्राइवर गुरनाम सिंह पानी के टैंकर को रिवर्स करके गली में लगाने का प्रयास कर रहे थे। चूंकि गली संकरी थी, इसलिए उमाशंकर यादव टैंकर को सुरक्षित निकालने के लिए गली में आड़ी-तिरछी खड़ी मोटरसाइकिलों को हाथ से पकड़कर साइड में कर रहे थे। इसी दौरान वहां मेदांता रोड का रहने वाला आरोपी कलश आ गया।अपनी मोटर साइकिल को हाथ लगाने और साइड करने की बात पर आरोपी कलश अचानक आगबबूला हो गया। उसने बिना कुछ सोचे-समझे उमाशंकर को गालियां देना शुरू कर दिया। जब उमाशंकर ने उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी और भड़क गया। उसने उमाशंकर पर हमला कर दिया और सरेराह हाथ-थप्पड़ों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। ड्राइवर और आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला।

## दाना फैक्ट्री अग्निकांड

# जांच में खुलासा, बिना फायर एनओसी के चल रही थी कंपनी, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

धार रोड पर श्रीराम तलावली स्थित एक प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में पांच दिन पहले लगी आग के मामले में चंदन नगर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस और तकनीकी टीमों की विस्तृत जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही थीं।फैक्ट्री के ठीक पीछे लगे एक डीपी ट्रांसफार्मर में जोरदार शॉर्ट सर्किट हुआ था, जिसकी चिंगारी ने भीतर रखे प्लास्टिक और केमिकल को अपनी चपेट में ले लिया और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

इस गंभीर हादसे की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि फैक्ट्री संचालक मोहम्मद जावेद ने नियमानुसार फायर विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था और न ही परिसर में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम थे। इसके अलावा, इतने संवेदनशील और ज्वलनशील काम वाली इस फैक्ट्री में आपातकाल के समय बाहर निकलने के लिए सिर्फ एक ही गेट था, जो किसी बड़े हादसे के वक्त जनहानि का कारण बन सकता था। जांच में सुरक्षा मानकों की यह बड़ी लापरवाही सिद्ध होने के बाद चंदन नगर पुलिस ने जवाहर मार्ग मुकेरीपुरा निवासी फैक्ट्री संचालक मोहम्मद जावेद के खिलाफ लापरवाही बरतने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# थाने के पास कचरे के ढेर में भड़की आग

### रुई गोदाम तक पहुँचने से पहले दमकल ने पाया काबू

**इन्दौर।** परदेशीपुरा थाने के समीप बीती रात कचरे के एक बड़े ढेर में अचानक आग लग गई। आग जहाँ लगी, उसके ठीक पास में ही रुई का एक बड़ा गोदाम था जिससे एक बड़ा हादसा होने की आशंका बन गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे पास ही स्थित रुई का गोदाम सुरक्षित बच गया। फायर ब्रिगेड को बीती रात करीब 2 बजे सूचना मिली थी कि परदेशीपुरा थाना के पास स्थित एक रुई के गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकलें तुरंत रवाना की गईं। जब फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुँची, तो स्थिति स्पष्ट हुई कि आग रुई के गोदाम में नहीं, बल्कि उसके पास पड़े कचरे के ढेर में लगी थी जो तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिसकर्मियों की मदद से मोर्चा संभाला और करीब 10 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह क़ाबू पा लिया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन देर रात अचानक उठे घने धुएं के कारण आसपास के रहवासियों को सांस लेने और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 151700 | 159628 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 252000 | 272547 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## सुखलिया गांव और देवश्री कॉलोनी

# सार्वजनिक शौचालय जाने में नहीं होगी परेशानी

**इंदौर।** विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 से जुड़े क्षेत्र सुखलिया गांव से देवश्री कालोनी और सार्वजनिक शौचालय के आसपास और सामने की गलियों में अब निगम सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाएगा। जिससे इस बस्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को और आसपास के व्यापारियों को सार्वजनिक शौचालय जाने में बारिश के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। दरअसल निगम शौचालय के आसपास एवं सामने की कालोनियों से जुड़ी सभी मुख्य गलियों में भी नई सीमेंटेड सड़के बनवाएगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।

### नरम सतह वाली जगहों पर बनेगी मजबूत सीमेंटेड सड़कें

बड़ी बात यह है कि लंबे समय के बाद निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर जहां अत्यधिक नरम सतह की जगह हो गई है वहां नई मजबूत चमचमाती सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। यही नहीं इससे क्षेत्र के लोगों को बारिश के दिनों में सार्वजनिक शौचालय जाने में आसानी होगी। वहीं सुखलिया गांव और देवश्री कॉलोनी के साथ आसपास की गलियों में रहने वाले परिवारों को बारिश शुरू होने से पहले इस काम से बड़ी राहत मिलेगी।

# 2038 दिनों बाद आईपीएल में मनीष पांडे बने पीओटीएम

## टूटते-टूटते बचा एमएस धोनी का रिकॉर्ड




**कोलकाता।** मनीष पांडे....आईपीएल में यह नाम धुंधला सा गया था। मगर बुधवार की रात आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस मुंबई इंडियंस मैच के दौरान एक बार फिर चमका। मनीष पांडे ने अपनी लाजवाब फील्डिंग और शानदार बल्लेबाजी के दम पर केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई। एमआई ने पहले बैटिंग करते हुए 147 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा करते हुए मनीष पांडे ने नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए 44 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने इस मैच में रायन रिकेल्टन का एक शानदार कैच भी पकड़ा था। मनीष पांडे को उनकी लाजवाब परफॉर्मेंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। केकेआर ने 7 गेंदें और 4 विकेट रहते इस टारगेट को चेज किया।

मनीष पांडे आईपीएल में 2038 दिनों के बाद प्लेयर ऑफ द मैच जीतने में कामयाब रहे। उन्हें इस सम्मान को हासिल करने में तकरीबन 6 साल लग गए। हालांकि वह फिर भी एमएस धोनी का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए।

मनीष पांडे को जब हमने इतने लंबे गैप के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बनता देखा तो टटोला कि किस खिलाड़ी के 2 प्लेयर ऑफ द मैच के बीच सबसे लंबा गैप रहा। तो इस दौरान हैरान कर देने वाला नाम सामने आया। यह रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के नाम दर्ज है, जिन्होंने सीएसके को 5-5 बार चैंपियन बनाया है। जी हां, धोनी 2019 के बाद 2025 आईपीएल में जाकर अपने पीओटीएम के सूखे को खत्म किया था। उनके इस गैप में 2175 दिन थे। वहीं मनीष पांडे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 20 मई 2026 को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने से पहले 20 अक्टूबर 2020 को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ यह अवॉर्ड जीता था।

# चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए चाहिए जीत

अहमदाबाद । आईपीएल 2026 में आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। इस टीम ने 13 में से 7 मैच अपने नाम किए हैं। सीएसके 12 अंकों के साथ छठे पायदान पर मौजूद है।

इस टीम ने शुरुआती तीन मुकाबले गंवाने के बाद अगले 2 मैच जीते थे। अगर इस टीम के पिछले 5 मुकाबलों को देखें, तो जीत की हैट्रिक लगाने के बाद किंग्स को लगातार 2 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। प्लेऑफ में क्वालीफाई करने की दौड़ में बने रहने के लिए उसे जीटी के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीतना होगा। सीएसके को अपना नेट रन रेट बेहतर करने के लिए भी यह मैच बड़े अंतर से जीतना होगा; अगर दूसरी टीमों के नतीजे उनके पक्ष में जाते हैं, तो चौथी टीम का फैसला करने में नेट रन रेट की अहम भूमिका हो सकती है। दूसरी तरफ, आईपीएल 2022 की चैंपियन गुजरात टाइटंस पहले ही प्लेऑफ का टिकट हासिल कर चुकी है। इस टीम ने 13 में से 8 मैच अपने नाम किए हैं। जीटी फिलहाल दूसरे पायदान पर मौजूद है। यह टीम लीग स्टेज का समापन शानदार तरीके से करके टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। जीटी ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक जबरदस्त जीत दर्ज करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है। आईपीएल इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 9 मैच खेले गए हैं, जिसमें गुजराट टाइटंस ने 5 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 जीत दर्ज की हैं।

# वार्ड 36 के आधा दर्जन बगीचों का सालों पुराना अंधेरा अब होगा दूर

## निगम लाखों रुपए खर्चकर लगवाएगा क्षेत्र में नई डेकोरेटिव डिजाइनर लाइटिंग



**इंदौर।** सांवेर विधानसभा के अंतर्गत शहरी वार्ड 36 में स्थित करीब आधा दर्जन बगीचों में क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर अब निगम यहां लाखों रुपए खर्च कर आकर्षक डेकोरेटिव डिजाइनर पोल पर नई चमचमाती लाइटिंग लगवाएगा। जिससे क्षेत्र के इन बगीचों का सालों पुराना अंधेरा अब जाकर दूर होगा। यही नहीं इसके लिए निगम ने बकायदा तैयारी भी शुरू कर दी है।

**देर रात बच्चें घर के नजदीक वाले बगीचों में खेल सकेंगे-** जिसके तहत निगम ने निविदा जारी कर वार्ड 36 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बगीचों में क्षेत्र के रहवासियों और क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवाडे की मांग पर जिन बगीचों में लाइटिंग खराब हो गई है या लंबे समय से लाइटिंग बंद पड़ी है। अब वहां आने वाले दिनों में जल्द यहां का सालों पुराना अंधेरा दूर कर नई आकर्षक लाइटिंग से बगीचे जगमगाते नजर आएंगे। जिसे सबसे बड़ा फायदा आसपास के रहवासी परिवारों को होगा। बच्चे घर के सामने देर रात तक खेलने के साथ मनोरंजन कर सकेंगे। वही शाम के समय भी आसपास की महिलाएं और सीनियर सिटीजन घर के सामने के बगीचों में गर्मी के मौसम में आराम से घूम सकेंगे।

# वार्ड 48 में सेंट अर्नाल्ड स्कूल से चांदनी चौक, गवली मोहल्ला, बड़ी ग्वाल टोली तक बिछाना है जल निकासी लाइन

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 48 से जुड़े क्षेत्र में सेंट अर्नोल्ड स्कूल से चांदनी चौक, गवली मोहल्ला, बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र तक बड़े हिस्से में जल निकासी लाइन बिछाना लंबे समय से प्रस्तावित है। इस काम के लिए निगम अधिकारी लगातार प्रयास कर रहें है। बावजूद इसके उन्हे सफलता नहीं मिल रही है। इसलिए अब रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा पांचवीं बार टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत निविदा जारी की गई है। जिसके तहत बारिश से पहले अगले माह तक हर हाल में निगम द्वारा जल निकासी लाइन बिछाने का काम शुरू करने की तैयारी है। जिससे क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी; परिवारों को बारिश से पहले बड़ी राहत मिलेगी।

## अभी हर साल अधूरी जल निकासी लाइन से रहवासियों को हो रही परेशानी

*यही नहीं जबकि अभी स्थिति यह है कि वार्ड 48 से जुड़े सेंट अर्नाल्ड स्कूल के पास के क्षेत्र चांदनी चौक गवली मोहल्ला में बड़ी ग्वाल टोली क्षेत्र के बड़े हिस्से में निगम द्वारा जल निकासी लाइन बिछाया जाना प्रस्तावित है। जिसके हो जाने से क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। जबकि अभी स्थिति यह है कि हर साल बारिश के दिनों में आधी अधूरी निकासी लाइन होने से लोगों के घरों के आसपास और गलियों में भी बारिश के दौरान गंदा पानी आने की शिकायत बनी रहती है। जबकि नई लाइन डालने के बाद लोगों को सालों बाद इस गंभीर समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।*

# एक लाख बकायादारों से मई के शेष दिनों में ही राजस्व संग्रहण करें

## कंपनी के प्रबंध निदेशक ने विभागाध्यक्षों की ली मीटिंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने उपभोक्ता सेवा संचालन, आपूर्ति, शिकायत निवारण, राजस्व संग्रहण, मीटरीकरण, स्मार्ट मीटर योजना, 1912 कॉल सेंटर इत्यादि से जुड़े विषयों को लेकर विभागाध्यक्षों की मीटिंग ली।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से बिजली देना एवं समय बिल देयकों की वसूली करना हमारा पहला कार्य हैं, इस कार्य में लापरवाही करने वाले चैतन्यता से काम करने लग जाए, वरना विभागीय कार्रवाई होगी। उन्होंने इंदौर और उज्जैन के मुख्य अभियंताओं समेत सभी अधीक्षण अभियंताओं से कहा कि गैर घरेलू श्रेणी यानि दुकानें, मॉल, लघु उद्योग, आटा चक्की, शो रूम इत्यादि के करीब एक लाख उपभोक्ताओं पर वर्तमान में पचास करोड़ की बिल राशि बकाया हैं, इस राशि की वसूली के लिए मई के ही शेष दस दिनों में हर हाल में बकायादारों से संपर्क किया जाए। इस राशि को वसूलने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए, इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट मांगी जाएगी।

संस्था पंजीयन क्र.डी.आर./आई.डी.आर/875/21/11/2002
**सरल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित**
**ग्राम-बडोदिया एमा, तहसील सांवेर, जिला इन्दौर**
**निविदा**
संस्था की कालोनी **श्री सांई विहार कालोनी ग्राम बड़ोदिया एमा, तहसील सांवेर, जिला इन्दौर** पर स्थित कालोनी में **EWS** हेतु रिजर्व भूखण्ड लगभग 11,000 वर्गफीट पर जी+2 मल्टी स्टोरी बनाने हेतु **योग्य एवं अनुभवी बिल्डर्स /ठेकेदार से निविदा आमंत्रित हैं।** आर्थिक स्थिति जिनकी मजबूत हो जो स्वयं के धन एवं संसाधनों से बिल्डिंग निर्धारित समय में पूर्ण कर सकें, कृपया लिखे या रुबरु मिलें।
**गोपाल वाधवा** (अध्यक्ष)
91, सच्चिदानंद नगर, अन्नपूर्णा रोड़, इन्दौर
म.प्र. मो.98270-77889

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री रोहित पिता श्री अनिल जैन** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000189724 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 957 ब्लाक ए नरिमन सिटी इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।
यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# पांड्या ने पूरे सीजन भुगता इस गलती का खामियाजा



**कोलकाता ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 65वें मुकाबले में मिली 4 विकेट से हार का ठीकरा बल्लेबाजों और फील्डरों पर फोड़ा है। पांड्या ने कहा कि पिच गेंदबाजों के लिए मददगार थी, मगर उनकी टीम ने पावरप्ले में ज्यादा विकेट खोए। वहीं उन्होंने माना कि तिलक वर्मा और उनकी साझेदारी कुछ और देर टिक जाती तो 15-20 रन और बना लेते जो बाद में कम पड़े। इसके अलावा उन्होंने फील्डरों की भी क्लास लगाई। इस पूरे सीजन मुंबई की फील्डिंग ने निराश किया। आईए जानते हैं कप्तान हार्दिक पांड्या ने मैच के बाद क्या कहा?

### आप लगभग 20 रन कम थे?

हां, मेरा मतलब है, काफी एंटरटेनिंग था। पक्का एक बैटिंग ग्रुप के तौर पर, हम 20 रन कम थे। मुझे लगता है कि हमने पावरप्ले में बहुत सारे विकेट गंवाए, लेकिन अगर तिलक और मैं ज्यादा देर टिके रहते, और हमने कुछ और पार्टनरशिप की होती और वो 15-20 रन बना लिए होते, तो मुझे लगता है कि हमारे पास अच्छा मौका होता।

### पिच कैसी थी?

मेरा मतलब है, सच कहूं तो, मुझे इस तरह की विकेट पर खेलने में कोई दिक्कत नहीं है जहां बॉलर्स को कुछ करना होता है। मुझे लगता है कि घ्ष्ट काफी हद तक बैटिंग-डोमिनेटेड होता जा रहा है। बॉलर्स बेबस महसूस कर रहे हैं। मुझे लगता है कि गेम ने बॉलर्स को भी विकेट से कुछ दिया, जिससे वे आकर कुछ अच्छी बॉल फेंक पाए, बैट्समैन ने कुछ अच्छा क्रिकेट खेला और रन बनाए। तो, मुझे इसमें थोड़ा मजा आया।

### फील्ड में क्या चल रहा था?

मुझे नहीं पता। मुझे लगता है कि पूरे सीजन में, हम फील्डिंग में काफी खराब रहे हैं। मुझे लगता है कि हमने बहुत सारे कैच छोड़े हैं, जो जाहिर है कोई नहीं करना चाहता। लेकिन गेम के उस हिस्से में, मुझे लगता है कि कोई छिपने की जगह नहीं है। मेरा मतलब है कि अगर आपको मौके मिलते हैं, अगर आप गेम जीतना चाहते हैं, तो आपको सभी मौकों का फायदा उठाना होगा, आधे मौकों का भी। लेकिन हां, जब आप ऐसे मौके गंवाते हैं जो गेम बदल सकते हैं, तो आप हमेशा गेम के पीछे भाग रहे होते हैं। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 से बाहर हो चुकी है, उनका सीजन का आखिरी मैच पंजाब किंग्स से 23 मई को है।



## एनडीपीएस गर्ल्स टीम बनी बास्केटबॉल चैंपियन, बॉयज़ रनर-अप

**इंदौर ।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल ने डॉन बॉस्को स्कूल, गोवा में यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित '11वीं इनविटेशन गोल्ड कप बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 2026' में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की गर्ल्स टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की जबकि बॉयज टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन सिंधु सुधाकर मेंडके, प्राचार्य विस्टन गोमेज, प्रबंधक डी.एम. ठोकर ने खेल समन्वयक सीमांत श्रीवास्तव, विष्णु चैहान, गायत्री खिची, एवं राजनंदनी सिंह के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# वैभव से आज छिन सकती है ऑरेंज कैप, गिल समेत तीन खिलाड़ियों के पास मौका

**अहमदाबाद ।** कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का 65वां मैच खेला गया। बारिश से प्रभावित मुकाबले में केकेआर ने एमआई को चार विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा। मुंबई ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 147/8 का स्कोर बनाया। अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन जुटाकर विजयी परचम फहराया। मनीष पांडे (33 गेंदों में 45) और रोवमैन पॉवेल (30 गेंदों में 40) ने केकेआर की ओर से अहम पारियां खेलीं। रिंकू सिंह (5 गेंदों में नाबाद 9) ने जीत की दहलीज पार कराई। इस मैच के बाद ऑरेंज कैप की टॉप-10 लिस्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि, आज राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी से ऑरेंज कैप छिन सकती है। शुभमन गिल समेत तीन खिलाड़ियों के पास ऐसा करने का मौका है।

दरअसल, गुजरात टाइटंस की आज अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ंत होगी। यह दोनों का सीजन में आखिरी लीग मैच है। गुजरात के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में फिलहाल चौथे पायदान पर हैं। उन्होंने 13 मैचों में 46.16 के औसत से 554 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और छह अर्धशतकीय पारियां हैं। सुदर्शन को सूर्यवंशी से कैप छीनने के लिए 26 रनों की दरकार है। 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने अब तक 13 मुकाबलों में 579 रन जुटाए हैं। उनका औसत 44.53 का रहा। उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक जमाए हैं।



प्लेऑफ में पहुंच चुकी जीटी के कप्तान शुभमन गिल पांचवें पायदान पर हैं। उन्हें रेस में नंबर-1 बनने के लिए 28 रनों की जरूरत है। गिल ने 12 मुकाबलों में 46.00 के औसत से 552 रन जुटाए हैं। वह फिफ्टी लगा चुके हैं। सीएसके के विकेटकीपर और ओपनर संजू सैमसन भी टॉप पर पहुंच सकते हैं लेकिन उन्हें लंबी छलांग लगानी होगी। सैमसन को ऐसा करने के लिए 103 रन चाहिए। सैमसन फिलहाल दसवें नंबर पर हैं।

## शुभी, आर्या, सराह, शास्वत, अद्विक, एकाम अगले दौर में

**इंदौर ।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एवं पाथ फाउंडेशन व मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित पुनित मेमोरियल एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बालिका वर्ग में शुभी रंजन, बी. जयप्रकाश, आर्या कुलकर्णी, सराह भाटिया, मार्टिना शर्मा, शास्वत पटेल, अद्विक खन्ना, एकाम मोहिंद्रा ने जीत हासिल कर अगले दौर में



जगह बनाई। इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित एशियन जूनियर टेनिस स्पर्धा के बालिका एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त शुभी रंजन ने के. लुंसवाथ को सीधे सेटों में आसानी से 6-0, 6-0 से हराकर अगले दौर में अपना स्थान सुनिश्चित किया। वहीं बालिका वर्ग के अन्य मुकाबलों में बी. जयप्रकाश ने अदिरा भगत को 6-4, 7-6(1) से, चौथी वरीयता प्राप्त आर्या कुलकर्णी ने एच. कनुकोलू को 6-0, 6-0 से, सराह भाटिया ने रीत सोनी को 6-0, 6-0 से, मार्टिना शर्मा ने एशवी जैन को 6-2, 6-3 से, सातवीं वरीयता प्राप्त रीवाना अरोरा ने वेरूक्षा मालपे को 6-0, 6-0 से, छठीं वरीयता प्राप्त पी. चटर्जी ने आर्या दुग्गल को 6-2, 6-0 से, दूसरी वरीयता प्राप्त रितिशा नेहे ने अनायरा अग्रवाल को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-6, 6-2, 10-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

# एक स्थान के लिए 5 टीमों में रेस, प्लेऑफ का समीकरण और उलझा

**कोलकाता ।** ईडन गार्डन्स के मैदान पर खेले गए बेहद उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराकर आईपीएल 2026 की प्लेऑफ रेस में एक ज़बरदस्त ट्विस्ट ला दिया है। बारिश के साए में हुए इस मैच में जीत दर्ज कर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर ने खुद को न सिर्फ मैथमेटिकली जिंदा रखा है, बल्कि बाकी चार दावेदारों की धड़कनें भी बढ़ा दी हैं। इस मुकाबले में मिली जीत के बाद अब 13 मैचों में 13 अंकों के साथ केकेआर छठे नंबर पर आ गई है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ का टिकट पक्का कर चुकी हैं। अब आखिरी चौथे पायदान के लिए 5 टीमों (आरआर, पीबीकेएस, सीएसके, डीसी और केकेआर) के बीच जंग बेहद दिलचस्प हो गई है। ऐसे में आइए जानते हैं केकेआर की इस 4 विकेट की जीत के बाद अब सभी दावेदारों का समीकरण क्या बन रहा है।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर): अब दिल्ली के खिलाफ करो या मरो की जंग



मुंबई इंडियंस पर मिली इस शानदार जीत ने केकेआर के प्लेऑफ के दरवाजे पूरी तरह खोल दिए हैं। केकेआर का आखिरी लीग मैच अब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ है। अगर केकेआर वह मैच जीत जाती है, तो उसके 15 अंक हो जाएंगे। 15 अंकों के साथ केकेआर चौथे स्थान के लिए सबसे मजबूत दावेदार बन जाएगी, बशर्ते राजस्थान रॉयल्स अपना आखिरी मैच हार जाए और पंजाब किंग्स भी अपना मैच बड़े अंतर से न जीते। इसके अलावा, इस जीत से केकेआर का नेट रन रेट भी बेहतर हुआ है, जो अंत में फायदेमंद हो सकता है। केकेआर की इस जीत ने सबसे ज्यादा दबाव राजस्थान रॉयल्स पर डाला है। राजस्थान को लग रहा था कि वे 14 अंकों पर भी सेफ हो सकते हैं, लेकिन केकेआर की जीत के बाद अब ऐसा नहीं है। अगर केकेआर अपने आखिरी मैच में दिल्ली को हरा देती है, तो वह 15 अंकों पर पहुंच जाएगी। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ का टिकट पक्का करने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला हर हाल में जीतना ही होगा ताकि वे 16 अंकों तक पहुंच सकें।

पंजाब किंग्स की टीम भी इस समय केकेआर की जीत से सीधे तौर पर प्रभावित हुई है। पंजाब किंग्स के पास अभी भी 15 अंकों तक पहुंचने का मौका है, बशर्ते वे लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दें। चूंकि अब केकेआर भी 15 अंकों तक पहुंच सकती है, इसलिए पंजाब किंग्स के लिए सिर्फ मैच जीतना काफी नहीं होगा।

## हॉकी फीडर सेन्टर व ताहिर सेंटर अगले दौर में

**इंदौर।** ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन द्वारा स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित ओलंपियन मेजर ध्यानचंद दादा सेवन साइडर जिला स्तरीय बालक व बालिकाओ की हॉकी स्पर्धा मे दो मैच खेले गए। पहला मैच बालक वर्ग मे हॉकी फीडर सेन्टर व नेहरू यूथ क्लब के बीच खेला गया जिसमें हॉकी फीडर सेन्टर 2-0 से विजय रही। विजय टीम की ओर से अर्पित व श्रीराम ने एक एक गोल किए किए । दूसरा मैच बालिका वर्ग मे ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व मां अहिल्या क्लब के बीच खेला गया जिसमें ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर 1-0 से विजय रही विजय टीम की ओर से एकमात्र गोल स्वाति शर्मा ने किया। मैच के अंपायर नितिश गौड व अतुल खुणे थे।

## बेलवेदर ट्रॉफी में हुए रोचक मुकाबले

**इंदौर ।** बेल्वेदर इंटरनेशनल स्कूल महू के द्वारा अंतर विद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता जो की स्कूल के मैदान पर आयोजित हुई. जिसमें महू के साथ इंदौर शहर के भी विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। फाइनल मैच शिशुकुंज नार्थ कैंपस और बेल्वेदर इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया जिसमे शिशुकुंज नॉर्थ कैंपस ने एक रोमांचक मुकाबले में बेलवेदर स्कूल, महू को 13 रन से हराकर पहली इंटर-स्कूल अंडर-15 बेलवेदर ट्रॉफी जीती। पहले बल्लेबाजी करते हुए, शिशुकुंज ने देव खत्री के 38 रन और विहान नीमा (21), नील फुलवानी और अर्जुन शर्मा (18-18) के उपयोगी योगदान की मदद से 150/8 रन बनाए। जवाब में, बेलवेदर ने बहादुरी से लड़ते हुए 136/5 का स्कोर बनाया, जिसमें अधवन पटेल ने 48 और लक्ष्य पाटीदार ने 35 रन बनाए, लेकिन वे टारगेट से चूक गए।

# एरोड्रम रोड पर फिर हादसा... डम्पर ने बाइक सवार को कुचला

## गलत दिशा से आया मिट्टी से भरा डम्पर, बाइक को 20 फीट तक घसीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बीती रात विमानतल रोड पर एक डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। गलत दिशा से आए डम्पर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी और उसे कुचल दिया। युवक की बाइक डम्पर में फंस गई जिसे 20 फीट फीट तक घसीट ले गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।**

मिली जानकारी के मुताबिक एरोड्रम थाना क्षेत्र के विमानतल रोड के वेंकटेश नगर के समीप हुई। बिना नम्बर का मिट्टी से भरा एक डम्पर कालानी नगर से एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग पर गलत दिशा से घुस गया। डम्पर ने







सामने से आ रहे बाइक सवार युवक इरफान पिता जब्बार शेख (24) निवासी केशव नगर को चपेट में ले लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह दोस्तों से मिलकर लौट रहा था। डम्पर के नीचे बाइक फंस गई जिसे डम्पर ने करीब 20 फीट तक उसे घसीटा। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इधर पुलिस ने डम्पर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया।

# महिला की मौत में फंसा दहेजलोभी पति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मानपुर थाना इलाके में महिला द्वारा सल्फास खाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसके पति के खिलाफ केस दर्ज किया है।आरोपी पति उसे दहेज के लिए सता रहा था। पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम भिचोली की है। यहाँ रहने वाली 20 वर्षीय पायल मीणा ने गत 12 मई को अपने ससुराल में जहरीला पदार्थ सल्फास खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल और फिर इंदौर रेफर किया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुरुआत में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले को बारीकी से जांच में लिया था।पायल की मौत के बाद मानपुर पुलिस ने उसके मायके पक्ष और माता-पिता के विस्तृत बयान दर्ज किए। जांच के दौरान यह दर्दनाक हकीकत सामने आई कि मृतका का पति विशाल मीणा निवासी ग्राम भिचोली, मानपुर शादी के बाद से ही खुश नहीं था। वह लगातार मायके से कीमती सामान और दहेज लाने के लिए पायल पर दबाव बना रहा था। मांग पूरी न होने पर विशाल उसके साथ मारपीट करता और ताने देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था।महज 20 साल की उम्र में पायल पति की रोज-रोज की प्रताड़ना और यातनाओं को सह नहीं पाई। आखिरकार समाज और लोक-लाज के डर से घुटने टेकने के बजाय उसने 12 मई को सल्फास खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस जांच में यह साफ हो गया कि यदि विशाल उसे दहेज के लिए मजबूर और प्रताड़ित नहीं करता, तो वह ऐसा आत्मघाती कदम कभी नहीं उठाती।

# घर में नशा कर अनजान लोगों को लाने का बहू ने किया विरोध, गुस्से में ससुर ने कर डाली पिटाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना इलाके में एक ससुर द्वारा अपनी ही बहू के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला का कसूर सिर्फ इतना था कि वह घर के माहौल और सुरक्षा को देखते हुए बाहरी लोगों को घर लाने का विरोध कर रही थी।

पुलिस के अनुसार, घटना भगत सिंह नगर की है। यहाँ रहने वाली महिला सपना पति धरमराज प्रजापत ने थाने पहुँचकर अपने ससुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सपना ने पुलिस को बताया कि उसके ससुर शिवचरण प्रजापत अक्सर नशा करते हैं और नशा करने के बाद आए दिन गैर-जरूरी और अनजान लोगों को जबरन घर के अंदर लेकर आ जाते हैं।कल भी ससुर शिवचरण जब नशे की हालत में कुछ अनावश्यक लोगों को घर लेकर आया, तो बहू सपना ने घर की मर्यादा और सुरक्षा का हवाला देते हुए इस तरह अनजान लोगों को घर में घुसाने से साफ मना किया। बहू की यह नसीहत ससुर को नागवार गुजरी और वह अपना आपा खो बैठा। आरोपी शिवचरण ने घर के अंदर ही सपना को गालियां देना शुरू कर दिया। जब सपना ने गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ लात-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे महिला को चोटें आई हैं।परेशान होकर पीड़िता सपना तुरंत बाणगंगा थाने पहुँची और ससुर की इस प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ससुर शिवचरण प्रजापत के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# पुलिस लाइन में समर कैम्प

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जीआरपी पुलिस लाइन बिचौली हप्सी में समर कैम्प का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। 50 से अधिक पुलिस परिवार के बच्चों ने पहले दिन सहभागिता की। सेल्फ डिफेंस के अलावा अन्य जानकारियां अनस अंसारी, आयुषी कासलीवाल, प्रिया द्वारा दी जा रही है। कई तरह के गुर इस कैम्प में सिखाए जा रहे हैं।



# सुपर कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन के पास दबोचा गया ड्रग तस्कर

## 40 हजार की ब्राउन शुगर जब्त

**इन्दौर।** शहर को नशामुक्त बनाने और ड्रग पेडलर्स की रीढ़ तोड़ने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में बाणगंगा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जहाँ मेट्रो स्टेशन जैसे व्यस्त इलाके के पास से एक आरोपी को प्रतिबंधित नशीले पदार्थ के साथ रंगे हाथों दबोचा गया है। बाणगंगा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि परदेशीपुरा इलाके का एक कुख्यात नशा तस्कर ड्रग्स की डिलेवरी देने के लिए सुपर कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन के आसपास किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई और सादी वर्दी में मेट्रो स्टेशन के पास घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने मौके पर संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। थाने लाकर जब उसकी अमली जामा तलाशी ली गई, तो उसके पास से पैकेट में छुपाकर रखी गई 3.60 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार और पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जब्त की गई इस ड्रग्स की अनुमानित कीमत करीब 40,000/- रुपये आंकी गई है।बाणगंगा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम रफीक पिता गफ्फार निवासी लाल गली, परदेशीपुरा बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी रफीक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

## 60 लाख की चोरी के मामले में नया मोड़

# जेल से छूटते ही चाची पर कोर्ट में बयान बदलने का दबाव, दी धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा इलाके में कुछ समय पहले हुई एक बड़ी चोरी के मामले में अब फरियादी पक्ष को डराने-धमकाने और कोर्ट के मुकदमों को प्रभावित करने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। जेल से बाहर आते ही आरोपी ने सुधरने के बजाय सीधे फरियादी के घर पहुंचकर गवाहों को धमकाना शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र की है। फरियादी मनीषा पति विनोद यादव निवासी 68/2, बाणगंगा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत 7 फरवरी को उनके सूने घर का ताला तोड़कर किसी अज्ञात चोर ने सोने के कीमती आभूषण और नगदी सहित कुल साठ लाख नौ हजार पांच सौ रुपये पार कर दिए थे। मनीषा ने इस हाई-प्रोफाइल चोरी की रिपोर्ट 9 फरवरी को बाणगंगा थाने में दर्ज कराई थी।

पुलिस तफ्तीश और पारिवारिक छानबीन में बाद में यह बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इस बड़ी चोरी को किसी बाहरी गैंग ने नहीं, बल्कि फरियादी मनीषा के जेठ बलराम यादव के लड़के यानी उनके सगे भतीजे रोहित उर्फ गोलू ने ही अंजाम दिया था। पुलिस ने तब कार्रवाई करते हुए रोहित उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया था और कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया था।पीड़िता मनीषा ने पुलिस को बताया कि बीती दोपहर करीब 4:00 बजे जब वह अपने घर पर थीं, तभी जेल से बाहर आया आरोपी भतीजा रोहित उर्फ गोलू अपने एक अन्य साथी प्रद्युम्न निवासी बाणगंगा के साथ जबरन उनके घर के आंगन में घुस आया। दोनों आरोपियों ने मनीषा को घेरा और पहले दर्ज कराई गई 60 लाख की चोरी की रिपोर्ट पर कोर्ट में अपने बयान बदलने और केस में राजीनामा करने के लिए अवैध रूप से दबाव बनाने लगे।जब मनीषा ने कानून का साथ देने की बात कही और कोर्ट में बयान बदलने या आरोपियों से किसी भी तरह का राजीनामा करने से साफ शब्दों में मना कर दिया, तो रोहित उर्फ गोलू और प्रद्युम्न भड़क गए। उन्होंने घर के आंगन में ही मनीषा और उनके पति विनोद यादव को गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ता देख जब आसपास के लोग जमा होने लगे, तो आरोपी कोर्ट में गवाही देने पर जान से खत्म करने की सीधी धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

### पुलिस की कार्रवाई

बाणगंगा थाना पुलिस ने पीड़िता मनीषा यादव की शिकायत पर आरोपी भतीजे रोहित उर्फ गोलू और उसके साथी प्रद्युम्न के खिलाफ शासकीय गवाह को डराने-धमकाने, कोर्ट के मामले में दबाव बनाने (धारा 195 या नए कानून की संगत धाराओं के तहत), घर में जबरन घुसने (हाउस ट्रेसपास), गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।